रोहतक
शनिवार 21 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 18
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 29.9
न्यून. 8.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,814.71 | 316.57 ▲ |
| निफ्टी | 25,571.25 | 116.90 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,60,000/- | 1000/- ▲ |
| चांदी | 2,51,000/- | 6500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.99 | 31 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 71.44 बैरल 0.31% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

प्रोफेसर असीम घोष के अभिभाषण से हुई सत्र की शुरुआत

# विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन 7 विधेयक मंजूर
# हाउसिंग बोर्ड पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस



## गवर्नर बोले-विकसित हरियाणा 2047 विजन पर काम कर रही सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् से हुई। इसके बाद गवर्नर प्रोफेसर असीम घोष का अभिभाषण हुआ। उन्होंने कहा कि विकसित भारत थीम पर ही विकसित हरियाणा 2047 विजन पर काम किया जा रहा है। हरियाणा का भविष्य सुनहरा है। इस सदन में अलग-अलग विचारधारा के लोग हो सकते हैं, लेकिन सभी हरियाणा के बेहतर भविष्य के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं। साढ़े 11 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित रही। इसके बाद शुरू हुई कार्यवाही में सात विधेयकों के संशोधन पर मुहर लगाई। ये विधेयक दिसंबर 2025 में पेश हुए थे, जिन्हें पारित किया गया था। स्पीकर ने बताया कि मंत्री अनिल विज 20 फरवरी से 2 मार्च तक बजट सेशन में नहीं आएंगे। उन्होंने लेटर भेजकर इसके बारे में अवगत करवाया है।



### ऐसा क्या फेलियर, जो बोर्ड भंग किया जा रहा : हुड्डा

भूपेंद्र हुड्डा ने सवाल पूछा कि ऐसा क्या फेलियर रहे हैं, जो हरियाणा हाउसिंग बोर्ड भंग कर एचएसवीपी में विलय किया जा रहा है। इसके बारे में स्पष्ट किया जाए। एचएसवीपी से अब आम आदमी को प्लाट नहीं मिलता। इसका मकसद साफ होना चाहिए, यह गलत है। सेक्टरों में आवंटन के लिए लॉटरी सिस्टम बंद होने से आम आदमी प्लॉट खरीद नहीं सकता। अब यह सिर्फ प्रॉपर्टी डीलरों तक सीमित रह गया है।

### सीएम का जवाब- स्टाफ का भी ध्यान रखा गया

इसके बाद सीएम नायब सैनी ने जवाब दिया कि बोर्ड को बंद कर दिया यह कहा जा रहा है, इसको मर्ज किया गया है। स्टाफ का भी ध्यान रखा गया है। हाउसिंग फॉर ऑल और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का नेचर ऑफ वर्क जैसा है। हाउसिंग बोर्ड का काम इतना नहीं है कि इसके किसी कर्मचारी को कोई दिक्कत नहीं है। विपक्ष बेवजह गलत जानकारी फैला कर जनता को गुमराह कर रहा है।

## विस का घेराव करने जा रहे एचपीएससी कैंडिडेट्स को रोका

बजट सत्र शुरू होने से पहले ही हरियाणा विधानसभा का घेराव करने जा रहे एचपीएससी कैंडिडेट्स को पुलिस ने चंडीगढ़ सेक्टर 17 बस स्टैंड पर रोक लिया। इसे लेकर पुलिस और कैंडिडेट्स के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस कैंडिडेट्स को बस में बैठाकर अपने साथ ले गई। बता दें कि हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा इंग्लिश विषय की इस भर्ती में कुल 2143 कैंडिडेट्स में से केवल 151 ही पास हुए हैं, जबकि भर्ती के लिए 613 पद निर्धारित हैं। कैंडिडेट के 10 प्रतिशत और पदों के 25 प्रतिशत युवा भी क्वालिफाई नहीं होने पर अब इसके पैटर्न पर सवाल उठाए जा रहे हैं। एचपीएससी ने सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट में 35 प्रतिशत अंक का क्राइटेरिया बनाया है, जिसका युवा अब विरोध कर रहे हैं।

पुलिस और कैंडिडेट्स के बीच हुई नोकझोंक

## अदालत ने कहा-यह अधिकार केवल संसद को राष्ट्रपति को नहीं

6-3 के बहुमत से सुनाया फैसला

# ट्रंप का टैरिफ अवैध करार सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगभग हर अमेरिकी व्यापारिक साझेदार से आयात पर टैरिफ लगाकर अपनी अधिकार-सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने इन रेसीप्रोकल टैरिफ को अवैध करार दिया। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के एजेंडे के लिए यह एक बड़ा झटका है, क्योंकि इस बार वह दुनिया की हर समस्या और विवाद के समाधान के लिए टैरिफ को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। अदालत ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया। ट्रंप पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने 1977 के एक आपातकालीन क़ानून के आधार पर बिना कांग्रेस की मंजूरी के एकतरफा शुल्क लगाने का दावा किया। हालांकि इस कानून में टैरिफ शब्द का कोई उल्लेख नहीं है। वहीं, कोर्ट के फैसले के तीन घंटे बाद ट्रंप ने पूरी दुनिया को चौंकाते हुए 10% अतिरिक्त ग्लोबल टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि यह टैरिफ पिछले टैरिफ के अलावा होगा। ट्रंप बोले, जज देशभक्ति नहीं दिखा रहे हैं। वह संविधान के प्रति भी ईमानदार नहीं हैं।



### ट्रंप का पलटवार, बोले-जज देश के लिए कलंक, मुझे टैरिफ लगाने के लिए संसद की जरूरत नहीं, मेरे पास अधिकार

> यह बहुत निराशाजनक है। मुझे कोर्ट के कुछ जजों पर शर्म आ रही है। वे देश के लिए कलंक हैं, उनमें हमारे देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं है।

### दुनिया के देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया

सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ रद्द करने के फैसले के 3 घंटे बाद ही डोनाल्ड ट्रम्प ने दुनियाभर पर 10% ग्लोबल टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वह आज एक आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत 10% का एक्स्ट्रा ग्लोबल टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह टैरिफ पहले से लगाए जा रहे बेसलाइन टैरिफ के ऊपर होगा।

**अब सेक्शन 122 के जरिए टैरिफ लगाएंगे ट्रम्प:** सेक्शन 122 अमेरिका के एक कानून का हिस्सा है, जिसे ट्रेड एक्ट ऑफ 1974 कहा जाता है। यह कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि अगर देश को अचानक व्यापार घाटे या आर्थिक संकट का खतरा हो, तो वे तुरंत आयात पर टैरिफ लगा सकते हैं।

### जज ने बहुत घटिया फैसला सुनाया

- सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए गए टैरिफ लागू करने के लिए मुझे संसद की जरूरत नहीं है। मैं इन्हें राष्ट्रपति के मिले अधिकारों के जरिए लागू कर सकता हूं।
- सुप्रीम कोर्ट में रिफंड को लेकर कोई साफ बात नहीं कही गई है। इसलिए अमेरिकी सरकार किसी भी कंपनी को टैरिफ के रूप में वसूला गया पैसा वापस नहीं करेगी।
- जज ने बहुत ही घटिया फैसला सुनाया है। मुझे लगता है कि अब इस मामले पर अगले दो साल तक कोर्ट में मुकदमा चलेगा। हम अगले 5 साल तक कोर्ट में ही रहेंगे।
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विदेशी ताकतों का असर पड़ा है। अगर टैरिफ नहीं लगाए गए, तो विदेशी देश कुछ उद्योगों में अमेरिका से आगे निकलते रहेंगे।
- टैरिफ लगाने का यह कदम कई साल पहले के राष्ट्रपतियों को उठा लेना चाहिए था। उन्होंने हमारे देश को कमजोर होने दिया और दूसरे देशों को फायदा उठाने दिया।

### कांग्रेस की अनुमति नहीं

इससे पहले कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश जॉन जी. रॉबर्ट्स जूनियर ने कहा कि यह कानून राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति असीमित राशि, अवधि और दायरे वाले टैरिफ को एकतरफा लागू करने की असाधारण शक्ति का दावा करते हैं। इस दावे की व्यापकता, इतिहास और संवैधानिक संदर्भ को देखते हुए, उन्हें इसके प्रयोग के लिए स्पष्ट रूप से कांग्रेस की अनुमति दिखानी होगी। न्यायाधीश क्लेरेंस थॉमस, सैमुअल ए. एलिटो जूनियर और ब्रेट एम. कावनॉ ने इससे असहमति जताई। पिछले वर्ष की शुरुआत में ट्रंप ने 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का हवाला देते हुए 100 से अधिक देशों से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाए थे।

### ट्रंप पहले से ही कर रहे थे विकल्प पर विचार

हालांकि अदालत में लड़ाई जारी रहते हुए भी राष्ट्रपति ने 1977 के क़ानून के विकल्प तलाशने शुरू कर दिए। ट्रंप के शीर्ष व्यापार वार्ताकार जेमीसन ग्रीयर ने पिछले महीने कहा था कि अदालत द्वारा अमान्य किए गए किसी भी आपातकालीन टैरिफ की जगह प्रशासन जल्द ही अन्य शुल्क लागू करेगा। राष्ट्रपति पहले भी अन्य क़ानूनों का उपयोग करके टैरिफ लगा चुके हैं, जिनमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कुछ विशेष वस्तुओं और उद्योगों पर लगाए गए शुल्क शामिल हैं।

बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी

# अब जज व पूर्व जज करेंगे एसआईआर की निगरानी

## प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली (भाषा)।** पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच जारी गतिरोध को लेकर नाखुशी जताते हुए उच्चतम न्यायालय ने राज्य में विवादों से घिरी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का शुक्रवार को असाधारण निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप'' और विश्वास की कमी पर खेद जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नये निर्देश जारी किए।



### पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिए कहा

उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल से पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए कुछ न्यायिक अधिकारियों को मुक्त करने और पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिये कहा। पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए 'ए' श्रेणी के पर्याप्त अधिकारियों को उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ा रुख अपनाया।

### ये आदेश दिए

- कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को मुख्य सचिव, डीजीपी और चुनाव आयोग के अधिकारियों समेत सभी संबंधित पक्षों की बैठक बुलाने का निर्देश।
- डीजीपी को एसआईआर अधिकारियों को दी गई धमकियों पर क्या कदम उठाए गए, इस पर सप्लीमेंट्री एफिडेविट दाखिल करने का आदेश।
- कोर्ट ने जो मामले अभी लंबित हैं, हाईकोर्ट प्रशासन उन्हें संभालने के लिए फिलहाल कोई अस्थायी व्यवस्था (अंतरिम व्यवस्था) बनाए।

प्रो. राजबीर सेवानिवृत्त नए वीसी की नियुक्ति में लगेगा समय

## प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को मदवि के कुलपति की जिम्मेदारी

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. राजबीर सिंह शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर नया वीसी नियुक्त करने में भी समय लगेगा। नए वीसी की नियुक्ति तक एमडीयू का चार्ज कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. सोमनाथ सचदेवा को दिया गया है। यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं हरियाणा के गवर्नर प्रो. असीम कुमार घोष की तरफ से जारी लेटर के अनुसार 21 फरवरी से नियमित वाइस चांसलर की नियुक्ति होने तक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. सोमनाथ सचदेवा पर एमडीयू का अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय को नैक द्वारा सर्वोच्च ए++ ग्रेड प्राप्त हुआ तथा पूरे भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 को सर्वप्रथम प्रभावी रूप से लागू करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया।



कैथल में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट समेत 3 कर्मचारी गिरफ्तार

## 30 लाख के बिल पास करने के लिए मांगी 30 हजार की रिश्वत

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** कैथल में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने पब्लिक हेल्थ विभाग के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट समेत 3 कर्मचारियों को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। तीनों एक ठेकेदार से 30 लाख पेंडिंग बिल पास करने के बदले पैसे मांग रहे थे। ठेकेदार ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी। कैथल के रहने वाले ठेकेदार विशाल ने एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने साल 2016 से 2025 के दौरान पब्लिक हेल्थ विभाग के तहत कई विकास कार्य किए थे। इन कार्यों के लगभग 25 से 30 लाख रुपये के बिल विभाग में लंबित थे। इन बिलों को पास करने के बदले डिप्टी सुपरिंटेंडेंट कमल कांत और एचकेआरएन कर्मचारी बलजीत व अशोक उनसे 30 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे।

शिकायत पर एसीबी ने की कार्रवाई

### सोनीपत : को-ऑपरेटिव सोसाइटी का सेल्समैन रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सोनीपत।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कोऑपरेटिव सोसाइटी के सेल्समैन सुभाष को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों काबू किया है। आरोप है कि उसने सोसाइटी के सदस्य सोसाइटी सदस्य गांव कटवाल निवासी कुलदीप से उसकी एमसीएल (मैक्सिमम क्रेडिट लिमिट) कार्ड की सीमा बढ़ाने के बदले 15 हजार की मांग की थी, जिसमें 10 हजार में सौदा तय हुआ। शिकायत मिलने के बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रेन छूटने से 15 मिनट पहले तक बदल सकेंगे बोर्डिंग स्टेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेल में सफर करने वाले यात्रियों की अच्छी खबर है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्डिंग स्टेशन बदलने के नियमों में बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। मौजूदा प्रक्रिया के तहत ट्रेनों के तय समय से करीब 10 से 20 घंटे पहले रिजर्वेशन चार्ट बनना शुरू हो जाता है। यात्रियों को ज्यादा सुविधा देने के लिए रेलवे बोर्ड ने सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम को इस प्रस्ताव की व्यावहारिकता जांचने को कहा है। इसके तहत सामान्य ट्रेनों में यात्री चार्ट तैयार होने से करीब तीस मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे।

सुविधा के अनुसार स्टेशन चुन सकेंगे

### भारत-अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ जताया विरोध

मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस का टी-शर्ट उतारकर प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट उतारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 'पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें 15-20 की संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उस पर लिखा है-पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड। वहीं भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने साजिश के तहत इंटरनेशनल समिट में भारत की छवि धूमिल की है।




### बड़े इवेंट्स में गड़बड़ियां हो सकती हैं : थरूर

एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के विवाद को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि समिट में पहले कुछ दिन बहुत अच्छे रहे, कुछ गड़बड़ियां हुई हैं, लेकिन बड़े इवेंट्स में ऐसी समस्याएं हो सकती हैं। थरूर ने समिट की तारीफ करते हुए कहा- जो बात प्रभावशाली रही वह राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और दुनिया के नेताओं की मौजूदगी थी।

कार में बैठा ले गए युवक

## अमेरिका में 57 वर्षीय सिख का अपहरण

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** कैलिफोर्निया के सैन जोकिन काउंटी के ट्रेसी इलाके से 57 वर्षीय सिख व्यक्ति का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया है। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने 'फेसबुक' पर किए गए पोस्ट में पीड़ित की पहचान अवतार सिंह के रूप में की है, जिनकी लंबाई पांच फुट सात इंच है और वजन लगभग 200 पाउंड है। घटना के समय उन्होंने हल्के रंग के पारंपरिक सिख वस्त्र पहने हुए थे। पुलिस ने बताया कि निगरानी फुटेज में मंगलवार को अपराह्न लगभग ढाई बजे (स्थानीय समयानुसार) सिंह को गहरे रंग के कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्ति एक सफेद एसयूवी में बिठाते हुए दिख रहे हैं।

■ अवतार सिंह के रूप में हुई पीड़ित की पहचान

पड़ोसी खिलाने के बहाने ले गया और दरिंदगी की

## गुरुग्राम में 3 वर्षीय बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

### फंसने के डर से गला घोंट गड्ढे में दफनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

तीन साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। पड़ोसी युवक उसे खिलाने के बहाने अपने साथ ले गया था। दुष्कर्म के बाद उसे डर लगने लगा कि वह पकड़ा जाएगा, इसलिए उसने गला घोंटकर बच्ची की हत्या कर दी और शव को एक गड्ढे में दफना दिया। जब बच्ची का सुराग नहीं लगा, तो माता-पिता सेक्टर 37 थाने पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में पड़ोसी युवक बच्ची को ले जाता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। फिर उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव गड्ढे से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। आरोपी की पहचान बिहार के सुपौल निवासी शिवनाथ के तौर पर हुई। वह उसी बिल्डिंग में रहता है, जहां बच्ची रहती थी और एक कंपनी में स्क्रैप भरने का काम करता है।

### खेलते समय अचानक गायब हुई बच्ची

गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि बच्ची के माता-पिता गुरुवार देर रात सेक्टर 37 थाने में आए थे। उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे उनकी 3 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी और अचानक लापता हो गई। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया। परिवार ने 24 वर्षीय पड़ोसी युवक पर ही आरोप लगाए।

खुद को एक तकनीकविद् बताते हैं रणवीर सचदेवा

### दिग्गज टेक कंपनियों के सीईओ और नेताओं के बीच छोटे उस्ताद

## 8 साल के कोडर रणवीर का एआई इंपैक्ट सम्मेलन में दिखा जलवा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एआई इंपैक्ट सम्मेलन में दुनिया की दिग्गज तकनीकी कंपनियों के सीईओ, लीडर्स और अनेक देशों के नेताओं और वरिष्ठ नीति-निर्माताओं की भीड़ के बीच, एक वक्ता विशेष रूप से अलग नजर आया। वह है आठ वर्षीय कोडर रणवीर सचदेवा, जो खुद को एक तकनीकविद् बताते हैं। वे नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए। रणवीर मंच पर यह बताने के लिए आए कि वे किस तरह प्राचीन भारतीय दर्शन को आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जोड़ रहे हैं।

### भारतीय दर्शन को तकनीक से जोड़ रहा हूं



सचदेवा ने कहा, 'मैं यहां इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में सबसे कम उम्र का मुख्य वक्ता हूं। मैं इस बारे में बात कर रहा हूं कि मैं प्राचीन भारतीय दर्शन को आधुनिक तकनीकों से कैसे जोड़ रहा हूं। मैं उन विभिन्न दृष्टिकोणों पर भी चर्चा कर रहा हूं जिनके साथ बाकी देश एआई विकसित कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं यह भी बता रहा हूं कि भारत किस तरह एआई का निर्माण कर रहा है।

### टिम कुक से मिल चुके

शायद उनकी सबसे चर्चित मुलाकात 2023 में एप्पल सीईओ टिम कुक के साथ रही। कुक 2023 में दिल्ली स्टोर के उद्घाटन के लिए आए थे, जहां रणवीर ने एक-से-एक सत्र में अपनी कोडिंग कौशल का प्रदर्शन किया। उस समय वे केवल 5 वर्ष के थे और तीन साल की उम्र से ही कोडिंग कर रहे हैं। वे अपने माता-पिता के साथ स्टोर खुलने का इंतजार करते हुए बाहर लाइन में खड़े थे।

### सबसे कम उम्र के टेडएक्स वक्ता

उन्होंने 2022 ग्लोबल रीडिंग चैलेंज में सुपर प्रेजेंटर के रूप में स्वर्ण पदक भी जीता है। इसके अलावा, मात्र 6 वर्ष की आयु में वे तकनीक और नवाचार पर बोलते हुए दुनिया के सबसे कम उम्र के टेडएक्स वक्ता बन गए। बताया जाता है कि उन्होंने मंगल अन्वेषण के लिए एक प्रोटोटाइप रॉकेट शिप भी तैयार किया, जिसे नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी से पहचान मिली।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय नियामक प्रदर्शन रैंकिंग में हरियाणा को मिला 'ए' ग्रेड

चंडीगढ़। हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर बिजली क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की पहली नियामक प्रदर्शन रैंकिंग में 100 में से 88.5 अंक प्राप्त कर 'ए' ग्रेड हासिल किया है। यह रिपोर्ट पावर फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा आईसीआरए लिमिटेड के सहयोग से जारी की है। इस उपलब्धि के साथ हरियाणा देश के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है और उसे राष्ट्रीय स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त हुआ है। बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता (संसाधन पर्याप्तता) श्रेणी में हरियाणा को 32 में से पूरे 32 अंक प्राप्त हुए।

### आलू किसानों की मदद करे सरकार : रतनमान

चंडीगढ़। प्रदेश में आलू उत्पादक किसान इन दिनों गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उत्पादन लागत लगातार बढ़ने और बाजार में बेहद कम दाम मिलने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान नेता रतनमान ने कहा कि हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि किसान अपनी लागत तक निकाल पाने में असमर्थ हैं और कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार किसानों को आलू उत्पादन पर प्रति क्विंटल लगभग 1450 रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। जबकि मंडियों में उन्हें अपनी उपज के मात्र 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल तक ही भाव मिल रहे हैं।

### मैजिक बस ऑफ इंडिया ने लगाई प्रदर्शनी

पंचकूला। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य कर रही मैजिक बस इंडिया संस्था के निदेशक विकास खन्ना के मार्गदर्शन में राजकीय माध्यमिक विद्यालय देवीनगर में जीवन कौशल मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा छठी से आठवीं के छात्र छात्राओं ने अपने विभिन्न प्रोजेक्ट कार्य जैसे वायु, जल, भूमि प्रदूषण, विभिन्न लाइफ स्किल खेलों के बारे में जानकारी दी गई।

### सीजेएम ने किया शिशु गृह का औचक निरीक्षण

पंचकूला। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर पंचकूला के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अजय कुमार घनघस ने चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट शिशु गृह, सेक्टर-15, पंचकूला का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य संस्थान के समग्र कार्य-प्रणाली, देखभाल के मानकों तथा अभिलेखों के संधारण की समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने स्टाफ के लिए बनाए गए उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया और सुनिश्चित किया कि उसमें नियमित रूप से सही एंट्री की जा रही हैं। उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी की भी जांच की।

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू, सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

# विकसित भारत मिशन के तहत काम कर रही हरियाणा सरकार : प्रो. घोष

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को अपने अभिभाषण में राज्य की नायब सैनी सरकार की जनहित की योजनाओं की जमकर प्रशंसा की और अभिभाषण में किसानों, युवाओं, महिलाओं के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पिछले 10 साल से जनहित और गुड गवर्नेस की दिशा में कार्य कर रही है। मेरी सरकार की सोच और कार्य प्रणाली में सब कुछ साफ-साफ दिख रहा है। मेरी सरकार सबको साथ और सबके विकास की अवधारणा में विश्वास करती है। सरकार का सपना है कि जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो भारत दुनिया एक खुशहाल राज्य बनेगा। घोष ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में हरियाणा ने 2047 तक का अपना दस्तावेज जारी किया है। यह सरकार का एक रणनीतिक ब्लूप्रिंट है, जिसमें विकास के खाके को रखा गया है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने में हरियाणा की भी अहम भूमिका होगी।

- किसानों, युवाओं, महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए जा रहे कदमों को सराहा
- खेती में जोखिम कम करने के लिए किसानों के लिए चल रहे अनेक योजनाएं



### उद्योग क्षेत्र में ग्लोबल हब बनने की दिशा में बड़ा कदम

मेरी सरकार हरियाणा को उद्योग क्षेत्र में ग्लोबल हब बनाने के प्रयासों में जुटी हुई है। उन्होंने अपने भाषण में हरियाणा सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, लागत कम करने और उनके जोखिम को न्यूनतम करने के लिए बहुआयामी रणनीतियां अपनाई हैं। अन्नदाता के सम्मान से प्रदेश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ा है। राज्यपाल शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के शुभारंभ अवसर पर अपना अभिभाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा करने और संसाधनों का दक्षता से वितरण सुनिश्चित करने में लगी है।

### मुख्यमंत्री ने बाबा साहब को किया नमन



### शहीदों और विभूतियों को दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़। विधानसभा के बजट सत्र के प्रथम दिन सदन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महान विभूतियों, उनके सगे-संबंधियों तथा वीर सैनिकों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सदन में सभी दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदन में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार, भूतपूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र मदान, पूर्व विधायक आनंद कौशिक के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

### भारत मंडपम : प्रदर्शन से सीएम नाराज

## देश की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि देश को अलग-अलग स्थानों पर शर्मिंदा करना और भारत की छवि को ठेस पहुंचाना कुछ लोगों के डीएनए में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार देश की संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समिट के दौरान कांग्रेस द्वारा अपनाए गए विरोध के तरीके को बेहद अफसोसजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस समिट में पूरे विश्व से प्रबुद्धजन, नीति-निर्माता और प्रतिनिधि भाग लेने के लिए आए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर समिट के अंदर जिस प्रकार का अशोभनीय कार्य किया गया है, वह न केवल अनुचित है बल्कि देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस प्रकार की हरकत करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति राष्ट्र की गरिमा को आहत करने का साहस न कर सके।



## विस समितियों की कार्यप्रणाली में सुधार लाया जाएगा



चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने समिति प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। बजट सत्र शुरू होने से पूर्व वीरवार शाम उन्होंने सभी समितियों के चेयरपर्सन्स के साथ बैठक कर खाका तैयार किया। उन्होंने समितियों की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए अनेक निर्देश भी दिए तथा चेयरपर्सन्स से उनके अनुभवों के आधार पर सुझाव भी लिए गए। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि कमेटियों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करके ही कार्यपालिका को विधायिका के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारी संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका और कार्यपालिका एक दूसरे प्रतिद्वंद्वी न होकर एक दूसरे की सहयोगी संस्थाएं हैं। दोनों संस्थाओं का मूल उद्देश्य जन हित को साधना है। इस उद्देश्य की पूर्ति में विधान सभा की कमेटियां सबसे प्रभावी उपकरण हैं।

## सदन में विपक्ष को भी पूरा मौका मिले : अशोक अरोड़ा

चंडीगढ़। कांग्रेस के विधायक और वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा का कहना है कि विपक्षी विधायकों को मुद्दे उठाने का पूरा वक्त देना चाहिए उनकी आवाज को दबाना ठीक नहीं है। अरोड़ा ने कहा कि सत्र लंबा चलाने का महज दिखावा है, इस बार अवकाश ज्यादा हैं। लोकसभा में भी सत्र लंबा चल रहा है लेकिन लोकसभा में नेता विपक्ष को बोलने ही नहीं दिया जा रहा है। लोकतंत्र में विधायकों का गला दबाने का काम है, गुहला के विधायक के विरुद्ध केस दर्ज करना पूरी तरह से गलत है। अशोक अरोड़ा ने कहा कि सरकार को पीने का साफ पानी और बिजली की पूरी व्यवस्था करनी चाहिए।

### फरीदाबाद के सेक्टर 80 का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

## भुगतान के बाद भी प्लॉटों का कब्जा न देने पर एचएसवीपी को नोटिस

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने फरीदाबाद के सेक्टर-80 स्थित प्लाट आवंटन विवाद में दर्जनों आवंटियों को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक या जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी। अदालत ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के मुख्य प्रशासक, फरीदाबाद के एस्टेट आफिसर तथा अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश जस्टिस अनूपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने श्वेता मेहता व अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील आदित सिंह बोपाराय ने अदालत को बताया कि सेक्टर-80 में ई-नीलामी के माध्यम से प्लाट आवंटित किए गए थे। आवंटियों ने पूरी बिक्री राशि जमा कर दी, लेकिन आज तक वास्तविक भौतिक कब्जा नहीं सौंपा गया।

**कार्यालयः- महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।**

**निविदा सूचना**

निदेशालय राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द की बसों / वाहनों द्वारा बस स्टैण्ड जीन्द के पांच कि.मी. एवं नरवाना उपकेन्द्र के 10 कि.मी. के दायरे में आने वाले पेट्रोल पंप से कम से कम 15 दिन (अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जाएगा:-

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | जीन्द नया बस स्टैण्ड | लगभग 7500 लीटर प्रतिदिन |
| 2. | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 2500 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे मे केवल दायरे के अंदर आने वाले सभी पेट्रोल पंप डीलरों को इस निविदा सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी कुटेशन बंद लिफाफे में दिनांक 02.03.2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य पविहन जींद में जमा करवाना सुनिशिचत करें। फर्म को भुगतान 15 कार्य दिवस में किया जाएगा। फर्म/पेट्रोल पंप डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में / पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना न करना पड़े। पेट्रोल पंप डीलर को विभाग के कर्मचारियों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध कराना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पंप पर आने व जाने के समय भीड़ / जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों के चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पेट्रोल पंप इस डिपो को डीजल की स्पलाई निरंतर करते रहेंगे व किसी अपरिहार्य कारणों के कारण स्पलाई बंद करते हों तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबंध आगे बढ़ाया जाएगा या नहीं। इस बारे विभाग द्वारा आंकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार/विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सभी दिशानिर्देश/हिदायतें की शर्तों की पालना करना होगा।**

**हस्ता/-महाप्रबंधक,**
**हरियाणा राज्य परिवहन, जींद**

पीआरडीएच 1119/11/825/2026/43190/88/6 दि. 20.02.2026

## दोपहिया वाहनों के प्रदूषण चालान को तर्कसंगत बनाए सरकार



सिरसा सांसद ने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखा

चंडीगढ़। सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने हरियाणा में दोपहिया वाहनों पर प्रदूषण (पीयूसी) के लिए लगाए जा रहे दस हजार रुपयों तक के चालान को तर्कसंगत बनाने की जोरदार मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी। सैलजा ने अपने पत्र में कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर दस हजार रुपये तक का चालान निर्धारित है, जो दोपहिया वाहनों के लिए अत्यधिक और असंगत प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यह राशि चार पहिया अथवा भारी वाहनों के लिए तो उचित मानी जा सकती है, लेकिन छोटी स्कूटी और मोटरसाइकिल पर समान जुर्माना लगाना आम एवं मध्यम वर्ग के लोगों के लिए आर्थिक रूप से भारी पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने जवाब में अवगत कराया कि दस हजार रुपये जुर्माने की अधिकतम सीमा अधिनियम में निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े चालान होने के कारण आम लोगों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

## 25 को विस का घेराव करेंगे : राव नरेंद्र

चंडीगढ़। सरकार द्वारा मनरेगा में किए गए बदलाव को लेकर कांग्रेस काफी आक्रोशित नजर आ रही है। इसको लेकर कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर और प्रदेश स्तर पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी प्रकरण को लेकर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अगवाई में कांग्रेस पार्टी 25 फरवरी को हरियाणा विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह घेराव केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की भाजपा सरकार की उस कुटिल साजिश के खिलाफ है, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त करने पर तुली हुई है। यह 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का निर्णायक दौर है। राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस विधानसभा घेराव प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

**जिला पुलिस भिवानी**

दिनांक 20.02.2026

**सार्वजनिक सूचना / PUBLIC NOTICE**

वाद संख्या-CRWP No. 13266 of 2025

**Rinku Vs. State & Others**

विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि रिंकू पुत्री जयभगवान, निवासी ग्राम बमला, जिला भिवानी (हरियाणा) के संबंध में उपरोक्त याचिका माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चण्डीगढ़ के संबंध में जो की महिला थाना जिला भिवानी में जांच लंबित है।

अतः आप रिंकू इस प्रकाशन की तिथि से 02 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से महिला थाना जिला भिवानी में उपस्थित होकर जांच में शामिल होने, अपना बयान दर्ज कराने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाता है अथवा आप इस संबंध में प्रबंधक थाना महिला के मोबाइल फोन नम्बर 8814011409 सुचित करके अपनी सुविधा अनुसार अपनी जगह सुनिश्चित करके व अपने अधिवक्ता के माध्यम से जांच में शामिल हो सकते हो.

निर्धारित समयावधि में उपस्थित न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि आप कुछ कहना नहीं चाहते।

दिनाकः 20.02.2026
स्थान : भिवानी
श्री महेश कुमार
डीएसपी मुख्यालय भिवानी
जिला भिवानी।।

पीआरडीएच 1084/11/4492/2026/43223/88/6 दि. 20.02.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/BSO/730

मनकि बलराज धनखड़ पुत्र मांगेराम पुत्र शेरसिहं निवासी मकान न0 506, सैक्टर-6, झज्जर, हरियाणा-124103 एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022-23 व इंतकाल न0 3656 तकसीम, 3679 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 351 मिन/255, खाता न0 359 मिन, मु0 न0 48, किला न0 1/1/2(1-10), 22/1/1(5-1), किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 11 मरले सालम भाग व खेवट न0 355 मिन/258, खाता न0 363 मिन, मु0 न0 56, किला न0 2/3(0-8), 8/1 (0-9), 8/2(0-8), 9/1(0-0), 13/3(0-5), किते 5, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 1/10 भाग, बकदर 0 कनाल 3 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 6 कनाल 14 मरले (0.8375 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 48, किला न0 1/1/2(1-10), 22/1/1 (5-1), किते 2, तादादी रकबा 6 कनाल 11 मरले व खेवट न0 355 मिन/258, खाता न0 363 मिन, किते 5, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 1/10 भाग, बकदर 0 कनाल 3 मरले, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 6 कनाल 14 मरले (0.8375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1441

मनकि विकास पुत्र सुबेसिहं पुत्र रणधीर सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023-24 व इंतकाल न0 3834 तकसीम जेर तजबीज, के अनुसार खेवट न0 427 मिन/352, खाता न0 439 मिन, मु0 न0 22, किला न0 25/1/2(1-9) में से मिन पूर्व (0-10), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 10 मरले (0.0625 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 0 कनाल 10 मरले (0.0625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

SW/JSO/1442

मनकि श्रीमती कृष्णा विधवा सतबीर पुत्र सुखराम, निवासी एवं बिस्वेदार गांव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020-21 व इंतकाल न0 4164 तकसीम, 4224 तकसीम, 4231 बैय, के अनुसार खेवट न0 637 मिन/531, खाता न0 652 मिन, मु0 न0 22, किला न0 4/2/2(1-6), 7/1(6-19), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 5 मरले (1.03125 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 8 कनाल 5 मरले (1.03125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 20.02.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरुग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## पेंशन काटकर बुजुर्गों का हक मार रही सरकार : दिग्विजय

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं के रोजगार और बुजुर्गों के सम्मान का हक मारने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार कभी सरकारी भर्तियों में गड़बड़ी तो कभी बुढ़ापा पेंशन में कटौती करके युवाओं और बुजुर्गों के साथ अन्याय कर रही है, जिसे जेजेपी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। दिग्विजय ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जेजेपी युवाओं को एकजुट कर रही है और बीजेपी के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी जाएगी। वे शुक्रवार को अंबाला में जेजेपी द्वारा आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## दिल्ली-आगरा हाईवे पर तीन वाहन भिड़े, कई लोग घायल

फरीदाबाद। दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे 19 पर गुरुवार को तेज रफ्तार के कारण बड़ा हादसा हो गया। सेक्टर-28 मेट्रो स्टेशन के पास एक के बाद एक तीन गाड़ियां आपस में टकरा गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। पुलिस के अनुसार तीनों वाहन दिल्ली से आगरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान आगे चल रही बोलेरो गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दी। पीछे से आ रही ईको कार के चालक ने वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वह बोलेरो से टकरा गई। इसी क्रम में पीछे चल रही सफेद रंग की महिंद्रा एसयूवी भी समय रहते ब्रेक नहीं लगा सकी और ईको से जा भिड़ी।

**कब्जा सूचना-(अचल सम्पति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अभिषेक सैनी राधे एंटरप्राइजेज दि ड्रीम्स क्रिकेट अकेडमी श्री रिषभ श्रीमती सीमा सैनी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10806998) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : स्टेशन एरिया, नीलोखेड़ी टाउनशिप, तह. थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-132117, में स्थित मकान नं. 9, माप 74.27 वर्ग गज वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1460 | रु. 3073088/- रुपये तीस लाख तेहत्तर हजार अठासी केवल | 04-12-2025 | 17/02/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 21.02.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

## इंजीनियरिंग के छात्रों को मिलेगी वर्ल्ड क्लास एजुकेशन, आईआईटी रुड़की से हुआ एमओयू



समझौता ज्ञापन पर आईआईटी रुड़की डीन व हरियाणा तकनीकी शिक्षा महानिदेशक ने हस्ताक्षर किए

चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल की है। अब आईआईटी रुड़की के सहयोग से छात्रों को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन दी जाएगी। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा विभाग के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (आईआईटी रुड़की) के साथ 20 फरवरी को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन राज्य के तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि यह समझौता राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी एवं बहुतकनीकी संस्थानों में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान एकीकरण, संकाय विकास और नवाचार आधारित शिक्षण को नई गति प्रदान करेगा। इस समझौता ज्ञापन पर आईआईटी रुड़की की ओर से प्रो. विवेक कुमार मलिक, डीन (प्रायोजित अनुसंधान एवं औद्योगिक परामर्श) तथा हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से प्रभजोत सिंह महानिदेशक तकनीकी शिक्षा, हरियाणा ने हस्ताक्षर किए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | सतनाली में कि.मी. 7.080 और 7.910 पर गांव बाघोत आउट फॉलिंग के फील्ड एरिया में पानी निकालकर फसलों को बचाने के लिए पम्प हाउसेज का निर्माण और 900 मिमी डाया. आरसीसी एनपी-3, 355 मिमी डाया. एचडीपीई प्रेशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना + 2 कार्य। | 18.02.2026 05.03.2026 | 369.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059375563 xenmgcckd11@gmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, झज्जर हेतु एचडीपीई पाइप 160 मिमी (3000 पाइप्स) और एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल चरखी दादरी हेतु एचडीपीई पाइप 200 मिमी (2000 पाइप्स) की आपूर्ति। | 21.02.2026 09.03.2026 | 150 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी | लिफ्ट जल सेवाएं (एम) मंडल भिवानी में आरडी 47900 बी.जी. ड्रेन डाउनस्ट्रीम पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए विभिन्न इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरण जैसे 20सीएस. के वीटी पम्पस, विद्युत मोटर्स, स्टार्टर पैनल और अन्य सम्बद्ध एक्सेसरीज की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 18.02.2026 03.03.2026 | 286.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 12500/एल पर आसन लिंक ड्रेन के अंदर गांव कंसाला आउटफाल के नीचे पड़ने वाले क्षेत्र से बाढ़ के पानी को निकालने के लिए भूमि आरसीसी 600 मिमी डाया एनपी3 पाइप लाइन बिछाना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.02.2026 | 90.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मंडल, फरीदाबाद के लिए 05 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 20.02.2026 06.03.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सेवाएं (यांत्रिकी) मण्डल, हिसार से सम्बन्धित एचडीपीई पाइप 200 मिमी (3300 पाइप्स) की आपूर्ति। | 20.02.2026 06.03.2026 | 98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | करीरा ब्लॉक कनीना एसएचसी का निर्माण + 7 कार्य। | 18.02.2026 25.02.2026 | 342.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव अलावला ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 1 कार्य। | 19.02.2026 28.02.2026 | 65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 17, हिसार टाउन पर डी-सिल्टेड गाद को शहर से बाहर निपटान समेत गाद निकालने के कार्य के लिए आवश्यक गाद निकालने की मशीनरी का उपयोग करते हुए यांत्रिक तरीके से सीवरेज मैनहोल की गाद निकालना इत्यादि + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.02.2026 | 11.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2026/180/43216/I/88/6 दि. 20.02.26

## खबर संक्षेप



### फैक्टरी पर छापा मारकर घी के भरे सैंपल, संस्थान को किया सील

**जींद।** पिल्लूखेड़ा के धड़ौली रोड पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर घी बनाने की एक फैक्टरी पर दबिश दी। इस दौरान टीम को यहां पर 433 लीटर देसी घी मिला। टीम ने यहां से दो सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए। इसके अलावा पूरी फैक्टरी को सील कर दिया। सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद ही अब इस मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश कादियान ने कहा कि पिल्लूखेड़ा क्षेत्र से पहले भी कई बार घी पकड़ा गया है। डॉ. कादियान ने बताया कि यहां पर श्री साईं फूड के नाम से फैक्टरी थी। यहां पर 15 लीटर के टिन, एक लीटर व पांच-पांच लीटर के डिब्बे भी घी से भरे हुए थे। इन सभी पर एनडीजी लिखा हुआ था।

### दो दिन से लापता रेलवे कर्मचारी का शव नहर में मिला, दोस्तों पर शक

**भिवानी।** भिवानी से दिल्ली के लिए स्कूटी पर निकले रेलवे कर्मचारी का शव दो दिन बाद नहर में मिला है। परिवार वालों ने मृतक के दोस्तों पर ही संदेह जताया और आरोप लगाया कि उन्होंने ही कुछ किया है। परिवार ने पुलिस वालों पर भी ढिलाई के आरोप लगाए हैं। मृतक युवक के पिता की मृत्यु पहले हो चुकी है । मृतक युवक के पिता नेशनल लेवल के डिस्कस थ्रो के खिलाड़ी थे जो रेलवे में नौकरी करते थे। पिता की मृत्यु के बाद युवक आदित्य को रेलवे में नौकरी मिली थी। वहीं, मृतक के भाई ऋतिक ने बताया कि उसका भाई आदित्य दिल्ली में रेलवे में नौकरी करता है। 18 फरवरी शाम को करीब साढ़े 7 बजे घर से स्कूटी लेकर ड्यूटी पर जाने के लिए कहकर गया था। अगले दिन सुबह आदित्य के पास कॉल की तो फोन बंद मिला। ऑफिस में फोन करने पर पता चला कि वह ऑफिस आया ही नहीं। दोस्तों से पूछताछ में बताया गया कि उसने दोस्तों के साथ रात में पार्टी की और जाते वक्त आदित्य नहर में गिर गया। उन्होंने संदेह जताया कि आदित्य के साथ कुछ गलत किया है।

## हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक उत्थान वर्ग कल्याण निगम को लोन देने में बहाना पड़ रहा पसीना

# कम ब्याज पर सरकार लोन देने को तैयार, पीछे हट रहे छोटे दुकानदार

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक उत्थान वर्ग कल्याण निगम के (एचबीसीकेएन) कर्मी जरूरतमंदों को 50 हजार से डेढ़ लाख रुपये तक का लोन देने के लिए फोन कर रहे हैं। लेकिन काफी संख्या में ऐसे दुकानदार या बेरोजगार हैं जो निगम से लोन लेना ही नहीं चाह रहे। पड़ताल करने पर पता चला कि बेशक कम ब्याज दर है, लेकिन जरूरतमंद दुकानदार सरकार से सब्सिडी वाला या बिना ब्याज का लोन चाह रहे हैं। दूसरी ओर, फोन उन लोगों को किए जा रहे हैं, जिनका लोन देने के लिए अंत्योदय मेलों में पंजीकरण किया गया था। ऐसे में अंत्योदय मेले में आने व पंजीकरण करवाने वालों की संख्या पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। असल जरूरतमंद तो आज भी सड़क पर ठेला लगाए मदद का इंतजार कर रहा है। अगर इन जरूरतमंदों तक सर्वे करके अधिकारी पहुंचे तो यह योजना बड़ी लाभदायक हो सकती है और सूदखोरों के जाल से जरूरतमंदों को बचाया जा सकता है। आमतौर पर खबरें सामने आती हैं कि रेहड़ी लगाने वाले ने मोटे ब्याज के जाल में फंसकर जान दी।

यह भी कहा जा रहा है कि उच्च अधिकारियों के आदेशों पर मेलों की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने इधर-उधर से लोग एकत्रित किए और सफल मेलों का दावा ठोक दिया। वहीं, अंत्योदय मेलों में जुटाए गए डाटा/एप्लीकेशन में से इसी सप्ताह 112 एप्लीकेशन रद्द कर दी गई हैं, जबकि करीब 50 लोगों को ही कर्ज मुहैया कराया है। जिन्हें कर्ज दिया गया है वे अपना जीवन यापन अब आसानी कर रहे हैं। ये दावा निगम का है।

अंत्योदय मेले में पंजीकरण पर भी उठ रहे सवाल, रोहतक में एक सप्ताह में ही 112 आवदेन रद्द, कई बार फोन करने पर भी नहीं आए

असली जरूरतमंद तक लोन पहुंचे तो सूदखोरों के जानलेवा जाल से बच सकते हैं छोटे दुकानदार, जमीनी सर्वे की जरूरत




### लोग अनुदान पर लोन चाहते हैं

लोग ऐसा कर्ज चाहते हैं, जिस पर अनुदान हो और लाभार्थी चुकता करने की स्थिति में नहीं है तो उसकी माफी का भी प्रावधानों हो को प्राथमिकता देते हैं। निगम तो कर्ज पर ब्याज वसूलता है। जिन 112 आवेदन को रद किया गया है, उनके आवेदकर्ताओं को बहुत बार फोन किए, लेकिन उन्होंने लोन लेने में कोई रुचि नहीं दिखाई।

\- **सचिन गांधी**, जिला प्रबंधक, पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक उत्थान वर्ग कल्याण निगम रोहतक

### लोन में उत्सकुता न दिखाने के यह कारण सामने आए

- निगम जो कर्ज मुहैया कराता है, उस पर सब्सिडी नहीं होती। जबकि दूसरी सरकारी योजनाओं में लोन लेने वाले को अनुदान मिलता है।
- कई बार आवेदनकर्ता के कागजात भी पूरे नहीं होते, जिससे लोन नहीं मिलता।
- लोन के लिए गारंटर भी नहीं मिलता। निगम उस व्यक्ति को गारंटर बनाता है, जिसकी परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय एक-डेढ़ लाख रुपये से कम न हो। सरकारी कर्मचारी भी लोन लेने वाला का गारंटर बन सकता है।

4. किसी स्थिति में लोन नहीं चुका पाने पर कानूनी कार्रवाई का डर, माफी का प्रावधान नहीं।

### लोन लेकर नहीं चुकाने वालों पर कानूनी कार्रवाई

**हिसार।** एचबीसीकेएन ने हिसार में पिछले एक दशक से अधिक समय में करीब 2400 आवेदकों को ऋण दिया है। इनमें से समय पर ऋण अदायगी नहीं करने वाले भी निगम के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। अकेले हिसार में निगम से लोन लेकर नहीं चुकाने वालों का आंकड़ा करीब 250 पर पहुंच चुका है। इन डिफाल्टरों पर निगम की तरफ से कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई गई है।

### फतेहाबाद में 113 दुकानदारों ने लिया ऋण

**फतेहाबाद।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम द्वारा 113 छोटे दुकानदारों को 50 हजार रुपये से लेकर 1.50 लाख तक ऋण मुहैया करवाया है। निगम द्वारा इस बार इन लोगों को एक करोड़ 30 लाख 50 हजार रुपये के ऋण दिए जा चुके हैं। यह जानकारी जिला प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने दी।

### रेवाड़ी में नहीं लगा कोई मेला

**रेवाड़ी।** निगम कार्यालय से क्लर्क जसवंत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना के तहत अंत्योदय मेले लगाए जाते हैं तथा मेले में ही लोन लेने के लिए आवेदन आते हैं। अभी जिले में कोई मेला नहीं लगाया गया है। पिछले दिनों सोनीपत में ट्रायल के लिए मेला लगाया गया था, जिसमें कम रुझान मिला था।

### इन कामों के लिए मिलता है लोन

जुलाई 2021 में शुरू की गई यह योजना कौशल विकास, रोजगार सृजन और सरकारी योजनाओं के माध्यम से इन परिवारों के उत्थान के लिए एक एकीकृत प्रयास है। पिछड़ा वर्ग निगम कोई छोटी-मोटी दुकान, सब्जी बेचने की रेहड़ी, जूस का ठेला, नाई की दुकान आदि खोलने के लिए 50 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक का लोन देता है। इसकी वापसी पांच साल में करनी होती है। ब्याज की दर 6 प्रतिशत सरकार ने तय की है। अगर लोन लेने वाला 40 प्रतिशत तक दिव्यांग है तो ब्याज की दर 5 प्रतिशत होगी और वापसी भी 7 साल में करनी होगी। अगर किसी ने 50 हजार रुपये कर्ज लिया है तो उसे हर महीने 1 हजार रुपये वापस करने होते हैं। एक लाख है तो 2 हजार और डेढ़ लाख रुपये लोन लिया है तो 3 हजार रुपये हर महीने वापस करने होते हैं।

## नाबालिग साली से रेप के आरोपी जीजा को सुनाई 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ रेवाड़ी

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एएसजे लोकेश गुप्ता ने वर्ष 2023 में एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी जीजा को दोषी करार दिया है। उसे 20 साल के कारावास और 2.10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे 2 साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

**बहन को छोड़ने और परिवार को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी जीजा ने अलग-अलग जगह पर कई बार किया दुराचार**

14 जून 2023 को जिले के एक गांव की रहने वाली नाबालिग ने पुलिस को दर्ज अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी दो बहनों की शादी वर्ष 2015 में हुई थी। जब वह नौवीं कक्षा में पढ़ती थी तो छुट्टियों में वह अपनी बहन के घर गई हुई थी। एक दिन उसकी बहन बाहर गई हुई थी और वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके जीजा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को भी बताने पर उसके जीजा ने उसकी बहन को छोड़ने और उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी दी। धमकी के कारण वह डर गई और घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। इसके बाद भी उसका जीजा कई बार उसे स्कूल के बाहर मिलता और संबंध बनाने के लिए दबाव डालता। जब वह 12वीं कक्षा में थी तो 1 जनवरी 2023 को स्कूल से घर आते समय उसके जीजा ने धमकी देकर जबरदस्ती बाइक पर बैठा लिया और रेवाड़ी के एक होटल में ले जाकर रेप किया। 4 जून 2023 को हरिद्वार से वापस लौटते समय भी उसके साथ दुराचार किया। वापस लौटने पर जब परिवार ने गुमसुम रहने का कारण पूछा तो उसने सच्चाई बताई।

## तेल पाइपलाइन में प्रेशर कम होने पर खुलासा

# खरखौदा में सुरंग खोदकर इंडियन ऑयल की पाइपलाइन से तेल चोरी

- हाईटेक उपकरणों से चोरों ने पाइपलाइन में जोड़ लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सोनीपत जिले के उपमंडल खरखौदा क्षेत्र में तेल माफिया के बड़े दुस्साहस का मामला सामने आया है। गांव जटोला के पास शातिरों ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मुख्य पाइपलाइन में सेंध लगाने के लिए बाकायदा एक टीन शेड के भीतर से लंबी सुरंग खोद डाली। यदि समय रहते यह मामला पकड़ में नहीं आता तो भीषण हादसा भी हो सकता था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**प्रेशर गिरने से हुआ शक**

घटना का खुलासा तब हुआ जब मथुरा-जालंधर पाइपलाइन में पिछले कुछ दिनों 12, 13 और 15 फरवरी से तेल का दबाव अचानक कम होने लगा। आईओसी के अधिकारियों को तकनीकी प्रणाली पाइपलाइन इंट्रूजन डिटेक्शन एंड वार्निंग सिस्टम और इंटेलिजेंस पिगिंग के जरिए संभावित चोरी के संकेत मिले।



खरखौदा। सुरंग खोदकर पाइपलाइन में लगाई गई सेंध।

### टीन शेड से ढक रखी थी सुरंग

कंपनी के प्रचालन प्रबंधक अशोक मीणा और मेंटेनेंस टीम ने जब इलाके की सघन जांच की तो नाहरा नाहरी रोड से करीब 40 मीटर दूर एक संदिग्ध टीन शेड मिला। जांच के दौरान वहां से हाइड्रोलिक मशीन, गैस कटर और फावड़े जैसे उपकरण बरामद हुए। जब टीम ने शेड के फर्श पर बिछी ईंटों को हटाया तो नीचे गहरी सुरंग देखकर सबके होश उड़ गए। यह सुरंग सीधे मुख्य पाइपलाइन तक जा रही थी।

### पुलिस जांच रही कैमरे

सूचना मिलते ही सैदपुर चौकी पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं समेत पेट्रोलियम एवं मिनरल पाइपलाइन एक्ट और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और स्थानीय स्तर पर सक्रिय तेल माफियाओं के नेटवर्क की तलाश में जुटी है। अधिकारियों के अनुसार, हाई-प्रेशर पाइपलाइन के साथ छेड़छाड़ न केवल राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी है, बल्कि इससे भीषण आग या विस्फोट का खतरा भी हो सकता था, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंच सकता था।

## 5वीं की छात्रा से स्कूल में छेड़छाड़, आरोपी दीवार कूदकर भागा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ करनाल

करनाल जिले के निसिंग थाना क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में पांचवीं कक्षा की छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद स्कूल में बच्चों के बीच दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार सुबह स्कूल खुलने के समय छात्रा सहमी हुई हालत में मेन गेट पर खड़ी मिली। छात्रा ने बताया कि वह बाथरूम के पास गई थी, जहां एक युवक खड़ा था। आरोपी ने 20 रुपये का नोट दिखाकर उसे लालच दिया और गलत हरकत करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी स्कूल की दीवार फांदकर फरार हो गया। छात्रा की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुका था। पड़ोसियों ने छात्रा को संभाला और स्कूल स्टाफ को सूचना दी। स्कूल इंचार्ज ने तुरंत पुलिस को शिकायत दी और स्कूल के प्रिंसिपल को भी मामले की जानकारी दी। पड़ोस के लोगों ने आसपास लगे कैमरों की जांच की। जांच में आरोपी की पहचान सतबीर उर्फ गोलू के रूप में हुई। बताया गया है कि गोलू का पिता स्कूल में चौकीदार है। स्कूल इंचार्ज की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कैमरा फुटेज की जांच से स्कूल चौकीदार के बेटे का नाम आया सामने, इंचार्ज की शिकायत पर केस दर्ज**

## एमबीबीएस में दाखिले का झांसा देकर 25 लाख ठगे

**नारनौंद।** एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव राखी खास निवासी डॉ. सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कृति का एमबीबीएस में दाखिला करवाने के लिए काउंसलिंग सेंटर चलाने वाली जींद निवासी डॉ. कामनी आश्री से संपर्क किया था। कामनी ने नेपाल के देवधा मेडिकल कॉलेज में दाखिले का भरोसा दिलाया था। पूरे कोर्स की फीस 60 लाख 51 हजार 500 रुपये बताई थी। इसमें 25 लाख 18 हजार रुपये 15 किस्तों में और 5 लाख रुपये सर्विस चार्ज के रूप में मांगे गए। डॉ. सुरेश कुमार ने पिछले वर्ष 30 जून को 10 लाख रुपये और 1 जुलाई को 4.50 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से दिए। बची राशि गूगल पे के जरिए दी गई। कुल मिलाकर करीब 25 लाख रुपये आरोपी महिला को सौंपे गए। काउंसलर ने सीट बुकिंग और अन्य दस्तावेज दिखाकर भरोसा दिलाया था। बाद में नेपाल के कॉलेज से पता चला कि एडमिशन नहीं हुआ है। आरोपी इस विषय में टालमटोल करती रही। वहीं, आरोपी ने सुलचानी निवासी नवीन से धमकी दिलवाई। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिया है।

## शराब ठेके पर कैश कलेक्शन के लिए आए युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल

- झुग्गियों में छिपकर घायल युवक ने बचाई जान, रंजिश में किया हमला, दो नामजद समेत अन्य पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जखोली अड्डा स्थित शराब के ठेके पर कैश लेने पहुंचे कर्मचारी पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में कर्मचारी के दोस्त बलराज नगर निवासी अमित उर्फ सुनील बच्ची के बाएं हाथ की बाजू में गोली लगी, जिससे उसकी हड्डी भी फ्रैक्चर हो गई।

जानकारी के अनुसार, जनकपुरी कॉलोनी निवासी राहुल जिले में सोनीपत की फर्म स्कॉचटैप को अलॉट शराब के ठेकों से कैश कलेक्शन का काम करता है। वीरवार रात करीब साढ़े 9 बजे राहुल अपने दोस्त अमित उर्फ सुनील बच्ची के साथ कार में ठेके पर कैश लेने आया था। जैसे ही राहुल गाड़ी से उतरकर कैश लेने ठेके की तरफ गया, उसी दौरान सड़क पर एक अन्य कार में सवार कुछ युवक वहां पहुंचे और उनकी कार पर फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक



गोली अमित की बाई बाजू में जा लगी। अमित जान बचाने के लिए अनाज मंडी की तरफ भाग गया। आरोपियों ने राहुल पर भी 4-5 राउंड फायर किए, जिसमें वह बच गया। घायल अमित ने बताया कि भागते समय संदीप और अंकित सहारण सहित चार-पांच अन्य बदमाश उसका पीछा करते रहे। आरोपियों ने गोलियां खत्म होने तक 14 से 15 राउंड फायर किए। वह किसी तरह अनाज मंडी के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों में छिप गया। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रणदीप ने बताया कि दोनों के साथ उसकी पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसके चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया।

## धान घोटाला : 2 आरोपी जेल भेजे, 2 लाख की रिकवरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले की अनाज मंडियों में हुए धान घोटाले और फर्जी गेट पास के मामले में पुलिस ने करनाल मंडी सचिव आशा रानी और जुंडला मंडी सचिव दीपक कुमार को दो दिन के पुलिस रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया। दोनों को अब न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक-एक लाख रुपये की रिकवरी की है। हालांकि पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया कि पूछताछ में किसी अन्य व्यक्ति का नाम सामने आया है या नहीं।

करनाल मंडी सचिव आशा रानी पर फर्जी गेट पास के जरिए धान की खरीद दिखाकर करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप हैं। मंगलवार को करनाल पुलिस ने आशा रानी और जुंडला मंडी सचिव दीपक कुमार को गिरफ्तार किया था। बुधवार को डीएसपी राजीव कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया था कि धान घोटाले से जुड़े छह मामलों की जांच दो विशेष जांच टीमें कर रही हैं। पुलिस ने मंगलवार को दर्ज तीन एफआईआर में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### काम में लापरवाही के बावजूद बिल पास

# फतेहाबाद नप में 17.20 लाख का 'कूड़ा घोटाला'

- सीएसआई और कचरा उठाने वाली फर्म पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद नगर परिषद में भ्रष्टाचार का एक मामला सामने आया है। शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के टेंडर में नियमों की अनदेखी कर फर्म को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप में मुख्य सफाई निरीक्षक सतपाल सैनी और मैसर्ज राधा कृष्ण को-ऑपरेटिव लेबर सोसायटी लिमिटेड के खिलाफ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। गुरुवार को इस बारे में एक्सईएन अंकित लोहान द्वारा शिकायत दी गई थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय विभाग की जांच में सामने आया है कि राधा कृष्ण सोसायटी को शहर में 5 साल के लिए कचरा कलेक्शन का जिम्मा सौंपा गया था। टेंडर की शर्तों के अनुसार, फर्म को कूड़ा उठाते समय घरों के बाहर लगे डिवाइस को स्कैन कर डेटा उपलब्ध कराना था, लेकिन फर्म के पास न तो पर्याप्त संसाधन थे और न ही घरों के बाहर पूरे स्कैनर लगे थे। इसके बावजूद, शुरुआती 60 दिनों के दौरान भारी अनियमितताएं बरतते हुए 17.20 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। नियमों के अनुसार, काम में ढिलाई के लिए फर्म पर भारी पेनल्टी (जुर्माना) लगाई जानी चाहिए थी, लेकिन सीएसआई ने नाममात्र की पेनल्टी लगाकर बिल पास करा दिए। वहीं, एफआईआर दर्ज होने के बाद नगर परिषद और शहरी स्थानीय निकाय विभाग में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, इस घोटाले की आंच विभाग के कुछ अन्य बड़े अधिकारियों तक भी पहुंच सकती है। पुलिस अब टेंडर से जुड़े दस्तावेजों और भुगतान की फाइलों को कब्जे में लेकर गहनता से पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि विभागीय शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दस्तावेजों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



कचरा उठाने वाली गाड़ियां।

### विशेष टीम ने जांच में खुलासा किया

इस पूरे घोटाले की जांच स्वच्छ भारत मिशन के डायरेक्टर और मुख्यालय के एक्सईएन अंकित लोहान द्वारा की गई थी। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि टेंडर के निर्धारित मापदंडों की जानबूझकर अवहेलना की गई। फर्म को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। विभागीय अधिकारी ने अपने पद का लाभ उठाकर सरकारी खजाने को भारी वित्तीय हानि पहुंचाई है। इस मामले में एक्सईएन अंकित लोहान की शिकायत पर फतेहाबाद सिटी पुलिस ने सीएसआई सतपाल सैनी और संबंधित फर्म के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## सम्मान

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय 28 फरवरी को 11 वैज्ञानिकों को करेगा सम्मानित

वर्ष 2022 से 2024 तक के पुरस्कारों की घोषणा राज्यपाल होंगे मुख्यातिथि

# डॉ. अरविन्द और डॉ. राजकुमार को मिलेगा हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा 28 फरवरी को हरियाणा लोक भवन में हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार एवं हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस समारोह में 11 प्रख्यात वैज्ञानिकों का सम्मान किया जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा समारोह में बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में वर्ष 2022 से 2024 तक के पुरस्कारों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के लिए वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जाएगा। हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए 5 वैज्ञानिक तथा हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार 6 वैज्ञानिकों का उनकी विशिष्ठ उपलब्धियों को देखते हुए चयन किया गया है।

### 5 को विज्ञान रत्न से नवाजा जाएगा

हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार में वर्ष 2022 के लिए सीएसआईआर भावनगर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार व पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा के प्राध्यापक डॉ. राजकुमार, वर्ष 2023 के लिए भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी से सम्मानित आईआईएसईआर, मोहाली और एमेरिटस पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की प्राध्यापक डॉ. सुदेश कौर खंडूजा को तथा वर्ष 2024 के लिए क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र फरीदाबाद के प्राध्यापक डॉ. दीपक थंकप्पन नायर व राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र मानेसर के वैज्ञानिक डॉ. अनिर्बान बासू को सम्मानित किया जाएगा।

### युवा विज्ञान रत्न के लिए इनका चयन

हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार में वर्ष 2022 के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनीत वशिष्ट व डी वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान देहरादून के वैज्ञानिक डॉ. विकास, वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अगरतला के सहायक प्राध्यापक डॉ. परमवीर सिंह व भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरू के सहायक प्राध्यापक डॉ. चिराग जैन तथा वर्ष 2024 के लिए आईआईएसईआर, मोहाली के सहायक प्राध्यापक डॉ. जोगेन्द्र सिंह एवं एलवीप्रसाद नेत्र संस्थान हैदराबाद की परामर्शदाता नेत्र चिकित्सक डॉ. स्वाति सिंह वैज्ञानिक को पुरस्कृत किया जाएगा।

## नशीली दवाओं की तस्करी में 10 साल कैद

**अंबाला।** नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में अदालत ने आरोपी शेर सिंह को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार बंसल की अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने की सूरत में उसे दो साल की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि नशीली दवाओं का कारोबार समाज के लिए बेहद खतरनाक है। इसलिए दोषी के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। यह मामला 21 मई 2020 का है। एसटीएफ अंबाला की टीम को सूचना मिली थी कि शहजादपुर के शेर सिंह अपनी मोटरसाइकिल पर नशीली दवाइयां लेकर बेचने जा रहा है। छज्जू माजरा रोड पर जांच में उससे 4040 गोलियां मिली थीं।

# रूस, वेनेजुएला व अमेरिका को छोड़ अब 'ओपेक' से आ रहा है भर-भरकर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ अब भारत के बंदरगाहों पर सऊदी अरब के तेल टैंकरों की कतारें

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल खरीदार और उपभोक्ता देश है। हमारी अर्थव्यवस्था और दैनिक यातायात पूरी तरह से तेल के सुचारू आयात पर निर्भर है।

पिछले कुछ समय से देश की रिफाइनरियों में सबसे ज्यादा रूसी तेल रिफाइन हो रहा था लेकिन अब हवा का रुख पूरी तरह से बदल गया है। अमेरिकी व्यापार समझौते के बाद भारत सरकार ने अपनी तेल खरीद की रणनीति में एक बड़ा बदलाव किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अब भारतीय बंदरगाहों पर रूस के बजाय ओपेक देशों, विशेषकर सऊदी अरब के तेल टैंकरों की कतारें लगनी शुरू हो गई हैं। जानकारों का कहना है कि अगर 'ओपेक' देशों से तेल सही दाम पर मिलता है, तो भारत में डीजल और पेट्रोल के दाम में हल्की नरमी देखने को मिल सकती है। साल 2022 में जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा, तो पश्चिमी देशों ने मॉस्को पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। उस वक्त भारत ने आम जनता की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए सस्ते रूसी तेल की जमकर खरीदारी की थी। एक समय ऐसा था जब भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी महज एक फीसदी हुआ करती थी, जो युद्ध के बाद छलांग लगाकर करीब 40 फीसदी तक पहुंच गई और रूस हमारा सबसे बड़ा सप्लायर बन गया। जैसे-जैसे भारत ने रूसी तेल से दूरी बनाई है, चीन ने इस स्थिति का पूरा फायदा उठाया है।

# व्यापारिक रूप से लाभकारी होगा तो वेनेजुएला से खरीदेंगे तेल : जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ हमारी ऊर्जा नीति देश की जरूरतों और सुरक्षा को देती है प्राथमिकता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वेनेजुएला और रूस से तेल खरीद पर भारत का रुख साफ करते हुए कहा कि भारत ने रूस और वेनेजुएला दोनों से तेल खरीदने पर अपनी स्थिति पहले ही स्पष्ट कर दी है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में इस विषय पर जो बयान दिए गए हैं, वही भारत की नीति को दर्शाते हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान जायसवाल ने कहा कि वेनेजुएला से तेल तभी खरीदा जाएगा जब यह व्यापारिक रूप से लाभकारी होगा। यानी कीमत, गुणवत्ता और लॉजिस्टिक्स सही होने पर ही यह विकल्प अपनाया जाएगा। इसके साथ ही रूस से तेल खरीदने के मामले में भी जायसवाल ने भारत की स्थिति साफ की। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी ऊर्जा नीति देश की जरूरतों और सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। तेल खरीद के फैसले राष्ट्रीय हित और व्यावसायिक लाभ को ध्यान में रखकर ही लिए जाएंगे।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे टूटकर 90.99 पर बंद

मुंबई। अमेरिका-ईरान के परस्पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 31 पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख भी रुपये को समर्थन देने में विफल रहा। इस पर अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले दिनों में जंग छिड़ने की बनती स्थिति का विशेष प्रभाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और सत्र के दौरान 91.04 के दिन के निचले स्तर तक चला गया।


**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना**
**Indian Institute of Technology Patna**

**भर्ती सूचना**

आईआईटी पटना निर्धारित प्रारूप में आईआईटी पटना की खेल इकाई में अनुबंधात्मक/अंशकालिक स्पोर्ट्स कोचेज के अस्थाई पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। सभी प्रमाण-पत्रों/प्रत्यायकों आदि की प्रतियों सहित आवेदन "खेल अधिकारी, जिमखाना भवन, आईआईटी पटना, बिहटा, पटना-801106" के पास 5 मार्च 2026 को अप. 5 बजे तक या उससे पहले पहुंच जाने चाहिएं। आवेदन पत्र और विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया नोटिस बोर्ड सेक्शन के तहत वेबसाइट www.iitp.ac.in पर पधारें।

विज्ञा. :- आईआईटीपी/स्पोर्ट्स/2025-26/31 रजिस्ट्रार

CBC 21366/12/0002/2526


## आईएमएफ की जॉर्जीवा ने कहा, भारत को लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी

# एआई से वैश्विक वृद्धि 0.8 प्रतिशत बढ़ेगी नौकरियों के लिए उच्च जोखिम भी मौजूद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी, नौकरियां कम होने से वित्तीय स्थिति पर जोखिम

■ एआई का प्रभाव अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहे

■ एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) वैश्विक आर्थिक वृद्धि को 0.8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है और भारत के 'विकसित भारत' बनने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती है। जॉर्जीवा ने चेतावनी भी दी कि एआई से नौकरियां कम होने और वित्तीय स्थिरता पर जोखिम भी उत्पन्न हो सकते हैं। जॉर्जीवा ने यहां आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में कहा कि वह एआई को लेकर आशावादी हैं, लेकिन इसके प्रभाव को अत्यधिक सकारात्मक दिखाने से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एआई को अच्छाई की ताकत या बुराई की ताकत के रूप में इस्तेमाल किए जाने के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

### अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी

जॉर्जीवा ने कहा, /"एआई वैश्विक आर्थिक वृद्धि को लगभग एक प्रतिशत अंक तक बढ़ा सकता है। हमारा अनुमान 0.8 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी से पहले की तुलना में तेजी से बढ़ेगी। यह नए अवसर और अधिक रोजगार सृजित करने के लिए शानदार है। भारत के लिए भी यही प्रभाव दिख रहा है और इसका अर्थ है कि भारत का विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा

*जॉर्जीवा ने कहा कि सबसे पहले, एआई से कुछ देशों के पास प्रौद्योगिकी होने और कुछ देशों के पास न होने के कारण वैश्विक असमानता बढ़ने का खतरा है। दूसरा, यह वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है, क्योंकि एआई अनियंत्रित होने पर वित्तीय बाजारों में संकट पैदा कर सकता है।*

### 40 प्रतिशत नौकरियां होंगी प्रभावित

*जॉर्जीवा ने कहा, /"हमने इस जोखिम को बहुत ऊपर आंका है। हम वास्तव में श्रम बाजार पर एआई के प्रभाव को एक 'सुनामी' की तरह देख रहे हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत नौकरियां एआई से प्रभावित होंगी, कुछ में सुधार होगा और कुछ खत्म हो जाएंगी। उभरते बाजारों में 40 प्रतिशत प्रभावित होंगे, जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह आंकड़ा 60 प्रतिशत तक है। और यह बदलाव अपेक्षाकृत कम समय में ही होने जा रहा है।*

### जोखिम के प्रति सचेत रहना होगा

जॉर्जीवा ने कहा कि एआई उन देशों के लिए अधिक अवसर पैदा करता है जो डिजिटल बुनियादी ढांचा, कौशल विकास और एआई को तेजी से अपनाने में आगे हैं। उन्होंने कहा कि देशों को जोखिमों के प्रति सचेत रहते हुए अवसरों को अपनाना चाहिए। उन्होंने एआई से जुड़े तीन प्रमुख जोखिमों को गिनाते हुए कहा, /"मैं एआई को लेकर बहुत आशावादी हूं। हालांकि मैं बहुत भोली भी नहीं हूं, इससे काफी जोखिम भी जुड़े हैं।

### दस में से एक नौकरी के लिए कौशल की जरूरत

आईएमएफ के एक अध्ययन के मुताबिक, एआई के कारण अमेरिकी श्रम बाजार पर असर पड़ रहा है। अमेरिका में हर दस में से एक नौकरी के लिए अब अतिरिक्त कौशल की जरूरत है और इस कौशल से लैस लोगों को बेहतर वेतन मिलता है। जॉर्जीवा ने कहा, /"जब लोगों के पास ज्यादा पैसे होंगे, तो वे स्थानीय सेवाओं पर खर्च करेंगे। वे रेस्तरां, मनोरंजन आदि में जाएंगे, जिससे कम-कौशल वाले कर्मचारियों की मांग बढ़ेगी।

## यूएस-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से 6 माह के हाई पर कच्चे तेल के दाम

मुंबई। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है, जिसके कारण सोना-चांदी की कीमतों के साथ क्रूड ऑइल की कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। कच्चे तेल के दाम अपने छह महीने के हाई रिकॉर्ड पर पहुंचे गए हैं। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 21 सेंट की वृद्धि के बाद 71.87 डॉलर पर आ गई। ऐसे ही यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड भी 66.66 डॉलर पर आ गया।

### क्यों बढ़ रहा विवाद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि यदि तेहरान परमाणु गतिविधियों के बारे में यदि कुछ दिनों के भीतर समझौते पर सहमत नहीं होता है तो इसका उन्हें परिणाम भुगतना पड़ेगा। ईरान को ट्रंप ने 10 से 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। सैन्य अभ्यास के लिए ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होरमुज को बंद कर दिया। ये वही इलाका है जहां से दुनिया भर में लगभग 20% कच्चे तेल की सप्लाई होती है। ईरान और अमेरिका के बीच इस बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडर सूचना**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी- 133001, भारत के राष्ट्रपति के पक्षात् निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (www.ireps.gov.in) के माध्यम से ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं:

| क्र. सं. | ई-टेंडर संख्या | विवरण | मात्रा | टेंडर बंद होने की तिथि एवं समय | ईएमडी (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 98265034 | तकनीकी विनिर्देश अनुबंध-ए (परिशिष्ट-ए) के अनुसार 50 टन क्षमता वाला ई.ओ.टी. क्रेन। | 01Nos | 19.03.2026 11.00 घंटे | 1,88,000 |

नोट: 1. विक्रेतागण पूर्ण विवरण हेतु IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकते है। 2. कोई भी मैनुअल कोटेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ई-टेंडर सूचना संख्या: 98265034 तिथि: 20.02.2026 587/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण आमजन व खास को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति, बहादुरगढ द्वारा मेट्रो पिलर नं. 864 के सामने पुरानी कोर्ट के रास्ते के साथ लगती U टाईप मार्किट में दुकान नं. 3, 11, 17, 20 को दिनांक 10.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे खण्ड कार्यालय बहादुरगढ मे किराये के लिए खुली बोली (नीलामी) की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग ले सकता है। बोली की शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

नोटः- बोली के बारे में किसी भी तरह की जानकारी खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी, बहादुरगढ के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस प्रातः 9 बजे सांय 5 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

हस्ता/-सुरेन्द्र खत्री
कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति,
बहादुरगढ़।


# निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 7 उपायों की घोषणा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को सात उपायों की घोषणा की जिनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए ऋण सहायता एवं वैकल्पिक व्यापार साधनों को समर्थन शामिल है। ये उपाय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा हैं। इस मिशन के 10 में से तीन घटकों को जनवरी में पहले ही लागू किया जा चुका है। डिजिटल माध्यम से निर्यात करने वालों को समर्थन देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने ब्याज अनुदान एवं आंशिक ऋण गारंटी के साथ ऋण सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की है।'डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट' सुविधा के तहत 50 लाख रुपये तक सहायता 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ उपलब्ध होगी। 'ओवरसीज इन्वेंटरी क्रेडिट' सुविधा के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये तक सहायता 75 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ दी जाएगी। इस पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा जो प्रति आवेदक सालाना अधिकतम 15 लाख रुपये तक सीमित रहेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कार्यशील पूंजी के किफायती साधन के रूप में निर्यात 'फैक्टरिंग' को बढ़ावा देने हेतु पात्र लेन-देन पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। यह सुविधा भारतीय रिजर्व बैंक/ आईएफएससीए से मान्यता-प्राप्त संस्थाओं के जरिये उपलब्ध होगी।


**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **अतुल** पुत्र राजेश निवासी ग्राम कुलासी, हरियाणा, (2) **नीरज उर्फ निरज कुमार** पुत्र स्वर्गीय श्री राजेश निवासी ग्राम कुलासी, हरियाणा, (3) **लक्ष्य डांगी** पुत्र स्वर्गीय श्री संदीप निवासी मकान नंबर-229, छोटा स्टैंड के पास, कंझावला चौक, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 04/2026 धारा 308(4)/125 भारतीय न्याय संहिता एवं 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि (1) **अतुल** (2) **नीरज उर्फ निरज कुमार** (3) **लक्ष्य डांगी** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि (1) **अतुल** (2) **नीरज उर्फ निरज कुमार** (3) **लक्ष्य डांगी** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा **84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 04/2026 धारा 308(4)/125 भारतीय न्याय संहिता एवं 25/27 शस्त्र अधिनियम थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों (1) **अतुल** (2) **नीरज उर्फ निरज कुमार** (3) **लक्ष्य डांगी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.03.2026** को हाजिर हों।

आदेशानुसार: सुश्री अनुराधा जिंदल,
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक न्यायाधीश,
उत्तर-पश्चिम न्यायालय संख्या-101, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।

DP/2219/RD/2026



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 316 अंक उछला

मुंबई (एजेंसी)। शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और



धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों ने एक दिन पहले की भारी गिरावट के बाद जोरदार वापसी की। बड़े शेयरों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। व्यापार समझौते को लेकर स्पष्ट संकेतों और 'पैक्स सिलिका' में भारत के प्रवेश से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

## सोना 850 रुपये चढ़कर 1.59 लाख रुपये पर

नई दिल्ली (एजेंसी)। मजबूत वैश्विक रुख के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1000 रुपये बढ़कर 1,60,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 6500 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,59,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी की कीमतें 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 30.83 डॉलर यानी 0.62 प्रतिशत बढ़कर 5,027.13 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.55 प्रतिशत बढ़कर 80.5 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। कोटक सिक्योरिटीज के जिंस शोध विभाग में सहायक उपाध्यक्ष कायनात चेनवाला ने कहा, 'सोना 5,020 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गया। जबकि संभावित अमेरिका-ईरान संघर्ष पर बढ़ती चिंताओं के कारण चांदी भी 81 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई है।

## एयर इंडिया के विमानों की विश्वसनीयता में हुआ सुधार

नई दिल्ली (एजेंसी)। एयर इंडिया के बेड़े की विश्वसनीयता में सुधार हुआ है और कलपुर्जों का भंडार भी बढ़ाया गया है। एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने यह बात कही। टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन को अपने पुराने बोइंग 777 और 787 विमानों के साथ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा है, जिससे उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की नौबत आती रही है। विल्सन ने बताया कि पुराने बोइंग 787 विमानों के उन्नयन का काम शुरू हो गया है। विल्सन ने कहा कि परिचालन क्षमता को मजबूत करना एयरलाइन के मुख्य क्षेत्रों में से एक है और अब विमानों की कार्यक्षमता पहले से बेहतर हुई है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | देवराड़ से पौली व किला जफरगढ़ तक सम्पर्क सड़क की विशेष मरम्मत (हैवी पेच वर्क), रोड आईडी-7849, एमसी-जुलाना, जिला जीन्द (बाढ़ की वजह से क्षतिग्रस्त रोड) + 2 कार्य। | 19.02.2026 02.03.2026 | रु. 91,23,916/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnd38.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43227/1/88/6 दि. 20.02.26


## राशिफल

**मेष:** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क:** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु:** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## दिसंबर तक 14 पीएलआई योजनाओं में 28,748 करोड़ रुपये हुए वितरित

नई दिल्ली (एजेंसी)। घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए शुरू की गई 'उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन' (पीएलआई) योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दवा समेत 14 क्षेत्रों को अब तक 28,748 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार ने वर्ष 2021 में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के इरादे से 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाओं की घोषणा की थी। दिसंबर, 2025 तक पीएलआई योजना के तहत 14 क्षेत्रों में कुल 836 आवेदनों को मंजूरी दी जा चुकी थी जिनमें कुल 2.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इन क्षेत्रों में 20.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल बिक्री और 8.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Vivek Tomar**
City Civil Court, Bahadurgarh
**KADAM SINGH**
**Vs.**
**GENERAL PUBLIC**
CNR No. HRJRA0-000973-2024
Next Date : 21.04.2026

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.04.2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?Mod=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- City Civil Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 18.02.2026



**कार्यालयः राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलाना (3923) महेन्द्रगढ़**
**मो. नं. 9416907636**

**बोली/नीलामी की सूचना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलाना (3923) महेन्द्रगढ़ के 6 जर्जर कमरों बरामदे सहित को तोड़ने व टूटे हुए सामान की खुली बोली / नीलामी वार बृहस्पतिवार 09.03.2026 समय प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में लगाई जाएगी। बोली / नीलामी के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। विद्यालय प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

हस्ता/-प्राचार्य,
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक
विद्यालय, डुलाना
(3923) महेन्द्रगढ़




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में दिल्ली बाईपास, शीला बाईपास, पावर हाउस, आई.सी. कॉलेज, डी-पार्क, मेडिकल मोड और जीन्द बाईपास चौक पर रेन शेल्टर का निर्माण (पुनः आमंत्रण) + 1 कार्य। | 19.02.2026 26.02.2026 | रु. 76.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में वार्ड-12 में सेक्टर-1 में सीसी गली का निर्माण। | 19.02.2026 02.03.2026 | रु. 70.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | आर्य नगर में गुरूकिरपा फोटोस्टेट के मकान और मिगलानी के मकान 692/25 के निकट धनवंतरी स्कूल के सामने सीसी गली सुषमा बंसल के मकान, तरूण गर्ग के मकान, विरेन्द्र अरोड़ा, नीलम बेरी के मकान के निकट गली, आर्य नगर वार्ड 17 एम.सी.आर. में खुराना के मकान 1043/19 के निकट सुनील सचदेवा के मकान 1008/19 के निकट गली, शिव मंदिर के निकट, रामफूल में पंडित लोकेश शर्मा के मकान के निकट गली, महताब बिल्डिंग में गली, वैश्य गर्ल्ज कॉलेज गली, अरविन्द पाहवा के मकान, गली नं. 3 में दिनेश हुरिया के मकान के निकट गली का निर्माण। | 19.02.2026 26.02.2026 | रु. 69.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/43204/1/88/6 दि. 20.02.26


## शब्द पहेली - 6145




**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -6144 का हल**





## खबर संक्षेप

### दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन कल



**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन जल्द होने जा रहा है। फिलहाल कुल 82.15 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में से 55 किलोमीटर का हिस्सा न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक चालू है। बाकी हिस्से का उद्घाटन 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इससे समय की बचत होगी।

### कोचिंग सेंटर में आग 90 छात्र बाल-बाल बचे



**हैदराबाद।** हैदराबाद में शुक्रवार सुबह एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। यह अमीरपेट स्थित मैत्रीवनम नाम के एक अपार्टमेंट में आग लगी, इस दौरान कुछ छात्र अंदर फंस गए थे, लेकिन दो दमकल गाड़ियां और बचाव दल मौके पर पहुंचे और छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### गैंगरेप के दोषियों को सुनाई फांसी की सजा



**दौसा।** महिला से गैंगरेप और फिर उसकी निर्मम हत्या के बहुचर्चित मामले में अदालत ने कड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में दोनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई गई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋतु चौधरी ने शुक्रवार को सजा सुनाई। कोर्ट ने सजा पर फैसला सुरक्षित रखा था।23 अप्रैल 2022 को जयपुर निवासी महिला अपने पीहर आ रही थी।

### कुंद्रा को बिटकॉइन मामले में जमानत



**नई दिल्ली।** बिजनेसमैन से एक्टर बने राज कुंद्रा को शुक्रवार को 150 करोड़ रके बिटकॉइन स्कैम मामले में जमानत मिल गई है। पीएमएलए के तहत विशेष न्यायालय ने राज कुंद्रा को शुक्रवार को जमानत दे दी है। साथ ही इस मामले में जांच की जा रही है। कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल ने अदालत को बताया कि जांच के दौरान उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया था।

### बॉलीवुड डायरेक्टर भट्ट को जमानत



**उदयपुर।** 30 करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में फिल्म निर्देशक विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी श्वेताम्बरी भट्ट को कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है और साथ ही दोनों पक्षों को मध्यस्थता के जरिए मामले को सुलझाने की सलाह दी है। 13 फरवरी को अंतरिम जमानत दी थी।

---

### असम से 6900 करोड़ की जीवंत ग्राम योजना लॉन्च

केंद्रीय गृहमंत्री ने किया भारत-बांग्लादेश सीमा का निरीक्षण

# कांग्रेस ने देश की सीमाएं खुली छोड़ीं तभी घुसपैठ बढ़ी : शाह

*गृह मंत्री ने सिलचर से असम चुनाव 2026 का शंखनाद करते हुए 'घुसपैठ' और 'अतिक्रमण' को मुख्य मुद्दा बना दिया है।*

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस ने देश की सीमाएं खुली छोड़ दी थीं, जिसकी वजह से असम में घुसपैठ बढ़ी। भाजपा सरकार ने इस समस्या से सख्ती से निपटा है। शाह ने असम के कछार जिले में जनसभा में कहा कि कांग्रेस के शासन में असम में कोई विकास कार्यक्रम शुरू नहीं हुआ। आज राज्य में हर दिन 14 किलोमीटर सड़क बन रही है, जो देश में सबसे ज्यादा है। शाह दो दिन के लिए असम दौरे पर हैं। शाह ने शुक्रवार को असम के कछार जिले से जीवंत ग्राम कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 1,954 सीमावर्ती गांवों को शामिल किया जाएगा। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा सीमावर्ती गांवों को सुदृढ़ करने और इन क्षेत्रों में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का एक हिस्सा है। इसमें कहा गया है कि जीवंत ग्राम कार्यक्रम-द्वितीय एक केंद्रीय क्षेत्र योजना है, जिसके लिए वित्तीय वर्ष 2028-29 तक 6,839 करोड़ का परिव्यय किया गया है और इसे 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में लागू किया जाएगा।

- 15 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश के 1,954 सीमावर्ती गांव शामिल होंगे

**सिलचर से असम विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया**




*सिलचर में गृहमंत्री की हुंकार, तीसरी बार सरकार बनाइए*

#### 14 मार्च को असम की बराक घाटी का दौरा करेंगे : हिमंत



*22,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे*

*गुवाहाटी (भाषा)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 14 मार्च को बराक घाटी का दौरा करेंगे और 22,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेसवे का शिलान्यास करेंगे। शर्मा ने सिलचर में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं को बताया कि इस एक्सप्रेसवे के बनने से गुवाहाटी और सिलचर के बीच का सफर मौजूदा आठ घंटे से घटकर साढ़े चार घंटे का रह जाएगा। इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वन्यजीव बोर्ड से मंजूरी भी मिल गई है। भूमि अधिग्रहण का कार्य भी अच्छी तरह से आगे बढ़ चुका है और सड़क निर्माण जल्द ही शुरू होगा।' शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान सिलचर फ्लाईओवर का भी उद्घाटन करेंगे। सिलचर में प्रस्तावित 'ग्रीनफील्ड' हवाई अड्डा के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को इसके लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिल गई है।*

#### लोस में जानकारी दी थी

योजना का उद्देश्य आवश्यक बुनियादी ढांचे में सुधार करना, बुनियादी सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना और स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना है, जिससे विकसित भारत-2047 की परिकल्पना के अनुरूप सुरक्षित, लचीले और समृद्ध सीमावर्ती समुदायों का विकास हो सके। इन गांवों को सशक्त बनाकर, यह कार्यक्रम निवासियों को राष्ट्र की आंख और कान के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाता है, जिससे सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। गृह मंत्रालय द्वारा वीवीपी के पहले चरण के तहत 3,431 करोड़ के परिव्यय वाली 2,558 परियोजनाओं/कार्यों को मंजूरी दी गई थी और जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा शिविर, मेले और त्योहार और पर्यटन को बढ़ावा देने समेत 8,500 से अधिक गतिविधियां शुरू की गई हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद ने 3 फरवरी को लोकसभा में कहा था कि सरकार ने दो अप्रैल, 2025 को दूसरे चरण को मंजूरी दे दी थी जिसमें 15 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 1,954 सीमावर्ती गांवों को व्यापक विकास के लिए चिह्नित किया गया है।

---

### आईएसआई का 'खुफिया प्लान' लीक

## बंगाल में बांग्लादेश के रास्ते घुसपैठ की तैयारी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर

**कोलकाता(एजेंसी)।** भारतीय खुफिया एजेंसियों ने बंगाल की जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) को बदलने के लिए विस चुनाव से पहले भारत-बांग्लादेश सीमा के जरिए बड़े पैमाने पर घुसपैठ की साजिश की चेतावनी दी है। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां बांग्लादेश में हाल में हुए आम चुनाव में विशेषकर बंगाल से लगे बांग्लादेश के सतखीरा और चुआडांगा जैसे सीमावर्ती जिलों की अधिकांश सीटों पर कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी गठबंधन की जीत के बाद हो रही गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही हैं। बंगाल में चुनाव से पहले अवैध प्रवासियों को भेजने का नया प्रयास तेज हो गया है। बांग्लादेश का सतखीरा जिला बंगाल के सीमावर्ती उत्तर 24 परगना जिले और चुआडांगा नदिया से सटा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जमात-ए-इस्लामी को उकसाया है कि बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासी बंगाल में भेजे जाएं।

#### इसलिए बढ़ी चिंता

यह चिंता इसलिए बढ़ गई है क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश के आम चुनाव में बंगाल व असम से लगने वाले सीमावर्ती क्षेत्रों की अधिकांश सीटें जमात-ए-इस्लामी ने जीती हैं। खुफिया सूत्रों का कहना है कि आईएसआई जमात पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। सूत्र के अनुसार,आईएसआई के अलावा रोहिंग्या सालिडैरिटी आर्गनाइजेशन (आरएसओ) और अराकान रोहिंग्या सैल्वेशन आर्मी (एआरएसए) भी इस ऑपरेशन में शामिल हैं। खुफिया सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां मौजूदा हालात के मद्देनजर घुसपैठ की साजिश को नाकाम करने के लिए सतर्क है।

NIAM

**सी.सी.एस. राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान**

(कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन, बंबाला, कोटा रोड, जयपुर-302033, राजस्थान)

**प्रवेश प्रारम्भ 2026-28**

प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
कृषि-व्यवसाय प्रबंधन
आवेदन की अंतिम तिथि-10 अप्रैल, 2026

प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
नवाचार, उद्यमिता और उपक्रम विकास
आवेदन की अंतिम तिथि-31 मई, 2026

प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
संवहनीयता प्रबंधन
आवेदन की अंतिम तिथि-15 अप्रैल, 2026

आवेदन अभी करें!

हमसे संपर्क करें:
(प्रवेश संबंधी पूछताछ के लिए)
(पीजीडीएम-एबीएम के लिए) 0141-2795141, info.abm@ccsniam.ac.in
(पीजीडीएम-आइईवी के लिए) 0141-2795128, pgdiev@ccsniam.ac.in
(पीजीडीएम-एसएम के लिए) 0141-2795132 (पीजीडीएम-एसएम), info.pgdmsam@ccsniam.ac.in
अधिक जानकारी के लिए पधारें : www.ccsniam.gov.in
सीबीसी 01375/11/0006/2526

---

हिमाचल के छात्रों का अनोखा आविष्कार

## अब सेना के जूते दो मीटर पहले लैंडमाइन का पता लगाएंगे

**सेना के जवान नहीं होंगे लापता**

एजेंसी ▶▶ मंडी(हिमाचल)

मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में सेना के लिए एक ऐसे जूते का मॉडल प्रदर्शित किया गया, जो सुरक्षाबलों के लिए काफी मदद हो सकते हैं। महोत्सव में पीएम श्रीरावमापा सरकाघाट स्कूल के छात्रों ने भारतीय सेना के जवानों की सुरक्षा के लिए विशेष जूते दिखाए। ये जूते दो मीटर पहले लैंडमाइन का पता लगा सकते हैं, स्वयं चार्ज होते हैं। इसके साथ ही अगर कोई जवान कहीं लापता होता है तो उसकी लोकेशन भी ट्रैक हो जाएगी। सरकाघाट स्कूल के वैष्णवी, सोफियान, पूनम और अंशिका ने अपने शिक्षक विजय शर्मा के मार्गदर्शन में इन जूतों का निर्माण किया है।



- जवानों के चलने पर जूते अपने आप चार्ज होंगे

टीचर विजय ने बताया कि इन जूतों में बहुत कम वजन के सेंसर लगाए गए हैं। साथ ही जब सेना के जवान इनको पहनकर चलेंगे तो यह अपने आप चार्ज भी होंगी और लैंडमाइन या अन्य खतरा होने पर जवान को सिग्नल देंगे। इन जूतों को मोबाइल एप से भी जोड़ा गया है, ताकि अगर जवान भटक जाएं तो उनकी लोकेशन आसानी से मिल जाए। भविष्य में इन जूतों में मेटल डिटेक्टर लगाने की योजना है।

#### छात्रों ने स्टाल में रोबोटिक तकनीक के मॉडल पेश किए

वहीं इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में इस स्टॉल पर बच्चों ने स्वचलित बांध के गेट खोलने की तकनीक, जिसमें पानी के स्तर पर गेट अपने आप खुलेंगे। कपड़े धूप के अनुसार सुखाने की रोबोटिक तकनीक, जिसमें धूप होने पर कपड़े अपने आप बाहर आएंगे और वर्षा पर अंदर। साथ ही रोबोटिक डस्टबिन, जो सेंसर से चलता है और मौसम के पूर्वानुमान का यंत्र भी लगाया गया है। साथ ही कोडिंग भी यहां सिखाई जा रही है।

---

चुनाव तैयारियों का होगा आकलन

## तमिलनाडु और पुडुचेरी का दौरा करेगा निर्वाचन आयोग का दल

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का दल चुनाव तैयारियों का आकलन करने के लिए 25 से 27 फरवरी तक तमिलनाडु और पुडुचेरी का दौरा करेगा। तमिलनाडु और पुडुचेरी के अलावा, असम, केरल और बंगाल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। चुनाव तैयारियों का आकलन करने के लिए निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस सप्ताह असम का दौरा किया था। ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि निर्वाचन आयोग 14 अप्रैल को पड़ने वाले बिहू त्योहार को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर राज्य के लिए चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप देगा।

- तमिलनाडु और पुडुचेरी के अलावा, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में अप्रैल-मई में विधान सभा चुनाव संभव
- आयोग बिहू को ध्यान में रख कर असम में चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप देगा

---

## शिवाजी जयंती पर कर्नाटक में जुलूस पर पथराव, निषेधाज्ञा

एजेंसी ▶▶ बागलकोट (कर्नाटक)

मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी की जयंती पर निकाली गई एक शोभायात्रा पर कथित तौर पर पथराव किये जाने के बाद कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार को पुराने शहर में उस समय घटी जब अपराह्न करीब 3:30 बजे शुरू हुई शोभायात्रा मस्जिद क्षेत्र से गुजर रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ गोयल ने बताया कि शोभायात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। उन्होंने कहा कि हम सभी मौके पर मौजूद थे। शोभायात्रा कल अपराह्न करीब 3:30 बजे शुरू हुई थी।

#### जबलपुर के पास आरती और अजान के विवाद में बवाल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर से करीब 40 किमी दूर सिहोरा तहसील में गुरुवार रात दुर्गा मंदिर और मस्जिद के बीच आरती-अजान को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पथराव और मारपीट के बाद इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात हैं। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और अब तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, मंदिर में आरती और मस्जिद में अजान एक ही समय पर हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला झड़प तक पहुंच गया। मस्जिद से 50-70 युवकों की भीड़ बाहर आई और विवाद बढ़ गया।

---

## हिमंता चुनाव से डरे, इसलिए आरोप लगा रहे : प्रियंका गांधी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को कहा कि गौरव गोगोई और उनके परिवार को 'पाकिस्तान लिंक' के आरोपों में घसीटना गलत राजनीति है।प्रियंका ने कहा कि असम के सीएम चुनाव से पहले डर गए हैं, इसलिए इस तरह के आरोप लगा रहे हैं। उन्हें निजी आरोपों की बजाय राज्य के विकास पर बात करनी चाहिए। प्रियंका ने कहा कि गौरव जी और उनके परिवार को जिस तरह निशाना बनाया जा रहा है, उससे साफ है कि यह गलत राजनीति है। असम की जनता जानती है कि दूसरी तरफ के लोग उनसे घबराए हुए हैं। वह सही रास्ते पर चल रहे हैं। यह उनके लिए सम्मान की बात है।

- प्रियंका गांधी बोलीं- गौरव गोगोई सही रास्ते पर हैं

#### हिमंता के सीएम नहीं बनाने पर भी तंज

प्रियंका गांधी ने हिमंता के उस बयान का भी जवाब दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के लिए कई कारक तय करते हैं।



*अगर वे दस साल बाद भी मुख्यमंत्री नहीं बनने देने कि बात पर रो रहे हैं, तो मुझे और कुछ कहने की जरूरत नहीं है।*

प्रियंका गांधी का आज असम दौरे का दूसरा दिन है।

---

### कम दबाव के क्षेत्र की वजह से मौसम में आया बदलाव

# देश के कई राज्यों में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

### मौसम विभाग ने 21-22 फरवरी को तमिलनाडु-केरल में संभावना जताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से दक्षिण भारत में कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।विभाग के अनुसार, 21 व 22 फरवरी को दक्षिण तमिलनाडु, दक्षिण केरल में कुछ जगहों पर भारी बारिश होने वाली है। 7 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। 22 फरवरी को उत्तराखंड, 23 फरवरी को विदर्भ में, 23 और 24 फरवरी को छत्तीसगढ़, ओडिशा में, 20 और 23 फरवरी को केरल, माहे में, 21 से 24 फरवरी को दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में, 22 से 24 फरवरी को तटीय और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 22 व 23 फरवरी को जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, 22-24 फरवरी को उत्तराखंड में छिटपुट बारिश व बर्फबारी होने वाली है।



#### महाराष्ट्र में फिलहाल बदलाव की गुंजाइश नहीं

महाराष्ट्र में अगले चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने वाला नहीं है। उसके बाद इसमें दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। गुजरात में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद इसमें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। देश के बाकी हिस्सों में मिनिमम टेम्प्रेचर में भी कोई बड़ा बदला नहीं आएगा।

**उत्तराखंड, हिमाचल में तेज हवा का अलर्ट**

देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम की अलग तस्वीर है। कहीं बारिश तो कहीं बादल छाए रहेंगे। गुलाबी ठंड तो कहीं तापमान में उछाल दिखेगा। उत्तराखंड, हिमाचल,में बारिश और तेज हवा का अलर्ट जारी किया गया है।

#### पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश के भी आसार

पूर्वी भारत में फिलहाल तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बादल और हल्की बारिश हो सकती है। मप्र के 20 से ज्यादा जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। महाराष्ट्र-गुजरात में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ सकता है।

---

**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
**आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,**
**प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,**
**गुडगाँव, हरियाणा - 122050.**
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated
Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot
P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1979 दिनांकः-14/02/2026

**संदर्भः**

1. कम्पनी अधीनियम, **2013** की धारा **248 (2)** के तहत निम्नलिखित **(29)** कम्पनियों का नाम **हरियाणा** राज्य से हटाने के मामले मेंः

| S.No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AC1502741 | U62090HR2025PTC130228 | पीडीएच स्क्रीन प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC1568188 | U15495HR2021PTC092934 | वाइज फार्मिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC1198956 | U46529HR2025PTC134007 | महाबल इकोट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC1783834 | U52291HR2023PTC115713 | ए. एफ वर्ल्डवाइड कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC2117415 | U17309HR2020PTC090840 | क्वार्टिनो डेकोर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC2182254 | U25200HR2008PTC038086 | रामा कृष्णा पॉली फैब प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC2177854 | U70200HR2023PTC117091 | ओपन स्फेयर टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC2228420 | U74999HR2020PTC091259 | अर्थजेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC1400205 | U65999HR1982PTC013328 | विभा इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC1434766 | U51909HR2019FTC080480 | मास्टरिफिक किचन एड एंड अप्लायंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC1567837 | U80904HR2020PTC091035 | वाइजआईएएस अकैडमी प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC1734049 | U74102HR2025OPC137633 | कंसिलियोब्यादी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC1600782 | U74999HR2019PTC080986 | ग्लोस्काउट प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC2095958 | U47714HR2023PTC114226 | फेस्टिवमंत्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC1824651 | U74999HR2018PTC074770 | क्रॉयांस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC1951599 | U82990HR2024PTC126473 | नाव्यो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC1905532 | U28999HR2018PTC073948 | लक्ष्मीवैष्णो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC1899762 | U74999HR2021PTC094155 | जेडीएन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AC2111977 | U58200HR2024PTC119354 | कोर्टऑफी सॉफ्टवेयर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AC2112408 | U74990HR2018PTC075832 | गौलिश विलेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AC2098936 | U93090HR2018PTC073367 | आरएम 22 फैसिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AC2182127 | U01100HR2021PTC097004 | मखोसरानी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड |
| 23 | AC2181936 | U62011HR2023PTC117451 | कैटिशा ग्लोबल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AC2231452 | U86905HR2024PTC124677 | क्विकस्कैन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AC1218371 | U85100HR2020PTC090593 | श्रद्धा स्पर्श मेडिकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AC1337629 | U80903HR2019PTC083560 | गुड लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AC1063128 | U85100HR2023PTC109047 | ग्रैंड मेडिकेयर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AC1319988 | U35105HR2024PTC126560 | एचएसएल बायोमास एंड सोलर प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AC1087022 | U74140HR2022PTC103019 | वीअसिस्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

**रौनक अग्रवाल**
**उप-पंजीयक**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र**

CBC 07123/11/0711/2526

## चिंतन

# एसआईआरः कोई भी योग्य छूटे नहीं और अयोग्य शामिल न हो

पश्चिम बंगाल में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पैदा हुआ टकराव अब केवल प्रशासनिक मतभेद नहीं रहा, यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता की सीधी परीक्षा बन चुका है। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का अभूतपूर्व हस्तक्षेप बताता है कि हालात साधारण नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि मतदाता सूची से कोई योग्य नागरिक छूटे नहीं और अयोग्य उसमें शामिल न हो। यह निर्देश भर नहीं, लोकतांत्रिक मर्यादा की अंतिम रेखा है। मतदाता सूची में शुचिता और पारदर्शिता के लिए शीर्ष अदालत ने एसआईआर की निगरानी के लिए सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। शीर्ष अदालत ने राज्य की निर्वाचित सरकार और चुनाव आयोग के बीच भरोसे की कमी पर जो टिप्पणी की, वह सबसे ज्यादा चिंताजनक है। जब चुनाव कराने वाली संवैधानिक संस्था और राज्य सरकार आमने-सामने खड़ी दिखें, तो नुकसान किसी एक पक्ष का नहीं, पूरे लोकतंत्र का होता है। अदालत को सेवारत और पूर्व न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में प्रक्रिया चलाने का आदेश देना पड़ा। यह असाधारण व्यवस्था है, जो बताती है कि संस्थागत संवाद की डोर कितनी कमजोर हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और उनकी पीठ ने साफ किया कि न्यायिक अधिकारियों के आदेश अदालत के आदेश माने जाएंगे और कलेक्टर-एसपी उन्हें लागू कराएंगे। सवाल यह है कि क्या चुनावी प्रक्रिया इतनी अविश्वसनीय हो गई है कि उसे पटरी पर लाने के लिए न्यायपालिका को प्रत्यक्ष भूमिका निभानी पड़े? यदि हां, तो यह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। अदालत ने 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति दी है और जरूरत पड़ने पर सप्लीमेंट्री सूची की छूट भी दी। यह संतुलन का प्रयास है कि समयबद्धता भी रहे और त्रुटि-सुधार का रास्ता भी खुला रहे, लेकिन असली सवाल यह है कि दावे और आपत्तियां तार्किक निष्कर्ष तक क्यों नहीं पहुंच पा रहीं? क्यों आरोप-प्रत्यारोप का दौर प्रक्रिया पर हावी है? मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी कि हमें राज्य सरकार से सहयोग की उम्मीद थी, सिर्फ नाराजगी नहीं, निराशा का संकेत है। अदालत ने यह भी कहा कि वह सूक्ष्म पर्यवेक्षक नहीं है। यानी रोजमर्रा के प्रशासनिक काम में दखल देना न्यायपालिका का काम नहीं। पर जब जवाब देने में देरी हो, तथ्यों की स्पष्टता न हो और गतिरोध बना रहे, तब अदालत को आगे आना पड़ता है। न्यायिक अधिकारियों की तैनाती अस्थायी समाधान हो सकती है, स्थायी इलाज नहीं। इससे लंबित अदालती मामलों पर असर पड़ेगा, अंतरिम राहत के मामलों को अन्य अदालतों में स्थानांतरित करना पड़ेगा। मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए केवल न्यायिक आदेश काफी नहीं। बूथ स्तर पर सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों की खुली सुनवाई, आदेशों का सार्वजनिक प्रकाशन और तकनीक का प्रभावी उपयोग, ये सब मिलकर ही भरोसा बहाल कर सकते हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के बिना कोई भी व्यवस्था अधूरी है। यह भी याद रखना होगा कि अदालत का हस्तक्षेप किसी एक पक्ष की जीत या हार नहीं है। यह लोकतंत्र को पटरी पर रखने की कोशिश है। शीर्ष कोर्ट ने जो कहा, वह मूलभूत सिद्धांत है। अब समय की मांग है कि सियासत से ऊपर उठकर पारदर्शिता, जवाबदेही और सहयोग को प्राथमिकता दी जाए। लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता की आस्था है; उसे टूटने नहीं देना ही हर संवैधानिक संस्था की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।



विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी

# रास चुनाव में बढ़ेगी एनडीए की ताकत

राज्यसभा में एक बड़ा बदलाव इस साल होने वाला है। पूरे साल में करीब 72 से 75 सीटें खाली हो रही हैं, जो अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में रिटायरमेंट से होंगी। अभी फरवरी 2026 में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में बीजेपी की 103 हैं, कांग्रेस की 27, तृणमूल कांग्रेस की 12, आप की 10, डीएमके की 10, बीजेडी की 7, वाईएसआरसीपी की 5 और एआईएडीएमके की 7 सीटें हैं। नॉमिनेटेड 7 हैं और कुल एनडीए की ताकत 121 के आसपास है, जबकि इंडिया ब्लॉक के पास 80 सीटें हैं। आने वाले चुनावों से यह आंकड़ा काफी हिलने वाला है। कुल मिलाकर, 2026 राज्यसभा में एनडीए और मजबूत होगा, जो विधेयकों को पास कराने में आसानी देगा।

राज्यसभा में एक बड़ा बदलाव इस साल होने वाला है। पूरे साल में करीब 72 से 75 सीटें खाली हो रही हैं, जो अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में रिटायरमेंट से होंगी। अभी फरवरी 2026 में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में बीजेपी की 103 हैं, कांग्रेस की 27, तृणमूल कांग्रेस की 12, आप की 10, डीएमके की 10, बीजेडी की 7, वाईएसआरसीपी की 5 और एआईएडीएमके की 7 सीटें हैं। नॉमिनेटेड 7 हैं और कुल एनडीए की ताकत 121 के आसपास है, जबकि इंडिया ब्लॉक के पास 80 सीटें हैं। आने वाले चुनावों से यह आंकड़ा काफी हिलने वाला है।

राज्यसभा की इन 37 सीटों में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र से सात सीटें खाली हो रही हैं, जिन पर चुनाव है। महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीटों में से बीजेपी के पास दो और शरद पवार की एनसीपी के पास 2 राज्यसभा सीटें हैं। इसके अलावा कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और आरपीआई के पास एक-एक सीटें है। नंबर गेम्स के अनुसार सत्तारूढ़ एनडीए को 7 से 9 सीटों का फायदा होने की उम्मीद है, जिससे उनकी ताकत 145 तक पहुंच सकती है। वहीं, इंडिया ब्लॉक को 5 सीटों का नुकसान हो सकता है, जो उनकी संख्या को 75 के आसपास ला देगा। सबसे पहले आगामी 16 मार्च को 37 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं, जो 10 राज्यों से हैं। महाराष्ट्र से 7, ओडिशा से 4, तमिलनाडु से 6, पश्चिम बंगाल से 5, असम से 3, बिहार से 5, छत्तीसगढ़ से 2, हरियाणा से 2, हिमाचल प्रदेश से 1 और तेलंगाना से 2 सीटें। ये सीटें अप्रैल में खाली हो रही हैं। साल के बाकी चुनावों में और 35-38 सीटें शामिल होंगी, जो कुल 22 राज्यों से हैं, जैसे उत्तर प्रदेश से 10, कर्नाटक से 4, गुजरात से 4, आंध्र प्रदेश से 4 सीटें। राज्यसभा की वोटिंग के बाद 37 नए सांसद जुड़ेंगे। दस राज्यों की खाली सीटों में कांग्रेस के लिए हिमाचल एक बड़ा ठौर होगा। इस साल 72 सीटों पर चुनाव होंगे और इस तरह भाजपा का पलड़ा थोड़ा सा और भारी हो सकता है। हाल के विधानसभा चुनावों ने एनडीए की पोजीशन मजबूत की है। मसलन, महाराष्ट्र में एनडीए के 228 विधायक हैं (बीजेपी 131, शिवसेना-शिंदे 57, एनसीपी-अजित 40), जो 7 सीटों में से 4-5 जीत सकता है यानी पहले से ज्यादा। बिहार में एनडीए को एक एक्स्ट्रा सीट मिल सकती है, जहां पहले से 3 थे, अब 4 हैं। आंध्र प्रदेश में 3 गेन, गुजरात में 1, ओडिशा में 2, राजस्थान में 1। ये गेन विधानसभा स्ट्रेंथ से आते हैं, जैसे महाराष्ट्र में एनडीए ने 2025 चुनाव जीता, बिहार में एनडीए मजबूत, हरियाणा और झारखंड में बीजेपी। हालांकि, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में 1-1 सीट का नुकसान हो सकता है। राज्यसभा के सदस्य (सांसद) राज्य की विधानसभा के चुने हुए विधायकों की वोटिंग से चुने जाते हैं। यानी, केंद्र में कौन सी पार्टी मजबूत होगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हर राज्य की विधानसभा में किस पार्टी के कितने विधायक हैं। अगर विधानसभा में आपकी पार्टी की ताकत बढ़ती है, तो राज्यसभा में भी आपकी सीटें बढ़ती हैं। राज्यसभा की सीटें हर राज्य में तय होती हैं। चुनाव में जीतने के लिए, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या में वोट चाहिए, जिसे 'क्वोटा' कहते हैं। राज्यसभा के सदस्य विधानसभा के इलेक्टेड मेंबर्स चुनते हैं, इसलिए हर राज्य में विधायकों की संख्या से कोटा तय होता है। यह



इसलिए है कि हर सीट के लिए वोट्स बराबर बंटें और कोई पार्टी ज्यादा वोट्स से ज्यादा सीटें जीत सके। अगर किसी उम्मीदवार को कोटा से एक वोट भी कम मिला, तो वो हार जाता है। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक को सबसे ज्यादा नुकसान होगा क्योंकि 5 से 6 सीटें कम हो सकती हैं। जैसे गुजरात में कांग्रेस की 1 सीट खत्म हो सकती है, पश्चिम बंगाल में तृणमूल को लॉस, कर्नाटक में कांग्रेस को 1 कम। बीजेडी ओडिशा में 1-2 कम, वाईएसआर सीपी आंध्र में 3 कम, सीपीआई एम पश्चिम बंगाल से 1 कम। ये पार्टियां जहां विधानसभा में कमजोर हुईं, वहां सीटें गंवाएंगी। वहीं, फायदे वाली पार्टियां एनडीए दल की हो सकती हैं। इनमें बीजेपी को 7-9 सीटों का फायदा हो सकता है यानी कुल एनडीए 145 तक पहुंच सकती है। कांग्रेस को डीएमके तमिलनाडु में 1-2 एक्स्ट्रा सीट का फायदा हो सकता है, लेकिन ओवरऑल इंडिया गठबंधन डाउन रहेगा। महाराष्ट्र में 7 राज्यसभा सीटों पर चुनाव है, जिसमें से एनडीए के 6 सीटें मिल सकती है तो विपक्षी गठबंधन महायुति के सिर्फ एक सीट मिलने की संभावना है। राज्य में कुल 286 विधानसभा सीटें है, जिसमें से 2 सीटें खाली हैं। इस लिहाज से एक राज्यसभा सीट के लिए 37 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। मौजूदा समय में बीजेपी के पास 131, शिंदे की शिवसेना के पास 57 और अजित पवार की एनसीपी के पास 40 विधायक हैं। एनडीए के 235 विधायक बन रहे हैं, जिनके दम पर 6 सीटें आसानी से जीत सकती है। बीजेपी चार सीटें तो शिंदे और अजित पवार की पार्टी एक-एक सीट जीत सकती है। शरद पवार की एनसीपी के 10, उद्धव ठाकरे के 16 और कांग्रेस के 20 विधायक हैं। इस तरह तीनों दलों के कुल 46 विधायक। सीपीआई (एम) और एसके (एम) का एक-एक विधायक है। अन्य छोटे दलों और निर्दलीयों का समर्थन मिलने पर यह संख्या कुछ बढ़ सकती है। ऐसे में एक सीट विपक्ष को मिल सकती है। शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस में से किसी एक दल को यह सीट मिल सकती है, जिसके चलते शरद पवार की सीटें और उद्धव ठाकरे के लिए सियासी नुकसान होगा। बिहार की पांच राज्यसभा सीट पर चुनाव होने हैं, जिसमें एनडीए आसानी से 4 सीटें जीत सकती है और एक सीट विपक्ष को मिल सकती है।

तमिलनाडु में मौजूदा विधानसभा की स्थिति के लिहाज से डीएमके आसानी से चार सीटें जीत लेगा और एक सीट एआईएडीएमके भी बचा ले जाएगा, लेकिन एक सीट पर मुकाबला हो सकता है। ऐसे ही पश्चिम बंगाल की पांच सीटों में से टीएमसी अपनी चारों सीटें बचा लेगी, लेकिन यहां पर एक सीट सीपीएम को खोनी पड़ सकती है, जो बीजेपी के खाते में जा सकती है। ओडिशा में चार सीटों में से बीजेपी 3 सीटें आसानी से जीत लेगी और एक सीट से बीजेडी को संतोष करना पड़ सकता है। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, अभिषेक मनु सिंघवी और प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इसके अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह से लेकर उपेंद्र कुशवाहा का भी टर्म पूरा हो रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे (कर्नाटक) के लिए री-इलेक्शन की कोशिश हो रही है, लेकिन स्पेकुलेशन है कि वह नहीं लौटेंगे। दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) को कमलनाथ की जगह थर्ड टर्म नहीं मिलेगा। एचडी देवगौड़ा (कर्नाटक) जेडीएस के पास नंबर नहीं है, इसलिए रिटायरमेंट संभव है। शरद पवार (महाराष्ट्र) टर्म एंड, एनसीपी शरद पवार कमजोर, रंजन गोगोई (नॉमिनेटेड) मार्च में रिटायर, परिमल नथवानी (आंध्र) बीजेपी सेकंड टर्म नहीं देगी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य सीपीआईएम। कुल मिलाकर, 2026 राज्यसभा में एनडीए और मजबूत होगा, जो विधेयकों को पास करने में आसानी देगा। विपक्ष को रणनीति बदलनी पड़ेगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डा. विवेक बाल्याण




# पीओके की मुक्ति का संकल्प और भुला दिया गया नरसंहार

भारत का इतिहास केवल तिथियों और राजनीतिक निर्णयों का क्रम नहीं, बल्कि स्मृतियों, बलिदानों और अधूरे राष्ट्रीय दायित्वों की जीवंत धारा है। जम्मू–कश्मीर तथा पाकिस्तान अधिक्रांत जम्मू–कश्मीर (पीओके) से जुड़ा प्रश्न इसी अधूरे दायित्व का सबसे संवेदनशील और पीड़ादायक अध्याय है। अखंड भारत की अवधारणा केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सभ्यतागत एकता का भाव है। इसमें काराकोरम से कन्याकुमारी तक की भूमि, जन और परंपरा एक सूत्र में बंधी रही है, किंतु 1947 के विभाजन ने इस चेतना को गहरी चोट पहुंचाई, जब पाकिस्तान ने योजनाबद्ध तरीके से जम्मू–कश्मीर पर आक्रमण किया। इसे लंबे समय तक "कबायली हमला" कहकर प्रस्तुत किया गया, जबकि ऐतिहासिक साक्ष्य यह स्पष्ट करते हैं कि यह पाकिस्तानी सेना द्वारा संचालित 'ऑपरेशन गुलमर्ग' के अंतर्गत सैन्य आक्रमण था। इसका उद्देश्य केवल भूभाग पर कब्ज़ा नहीं, बल्कि जम्मू–कश्मीर की मूल सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को समाप्त करना था। इसी आक्रमण के परिणामस्वरूप पीओके के क्षेत्रों जैसे मुज़फ़्फ़राबाद, मीरपुर, कोटली, भिंबर, राजौरी और बारामूला में 1947 का वह भयावह नरसंहार हुआ, जिसे इतिहास में वह स्थान नहीं मिला, जिसका वह हकदार था। जहां हज़ारों निर्दोष हिंदू और सिखों की निर्मम हत्या की गई, महिलाओं और बच्चियों का अपहरण, बलात्कार और तस्करी हुई। नगर उजाड़ दिए गए और लोगों को केवल उनकी धार्मिक पहचान के कारण मौत के घाट उतार दिया गया। मीरपुर, जो कभी शिक्षा और सांस्कृतिक उन्नति के केंद्र के साथ-साथ व्यापार का भी बड़ा केंद्र था। नरसंहार और बंदी शिविरों का प्रतीक बन गया, जहां हजारों लोगों को अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया। वहीं राजौरी में 10 नवम्बर 1947 को दिवाली के दिन हुआ नरसंहार मानव इतिहास की सबसे पीड़ादायक घटनाओं में से एक है। अपमान और अत्याचार से बचने के लिए परिवारों को स्वयं अपने प्रियजनों की हत्या जैसे असहनीय निर्णय लेने पड़े, जो इतिहास में दर्ज एक मौन जौहर है। यह हिंसा केवल जनसंहार तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके साथ ही भारत की सनातन संस्कृति पर भी सीधा आक्रमण हुआ, जब शारदा पीठ जैसे महान ज्ञान केंद्र, प्राचीन मंदिरों, गुरुद्वारों और बौद्ध स्थलों को योजनाबद्ध रूप से नष्ट किया गया या अपवित्र किया गया, जिससे पीओके में भारत की सांस्कृतिक स्मृतियों को मिटाने का प्रयास हुआ। इस समूचे घटनाक्रम का परिणाम यह हुआ कि लगभग बारह लाख से अधिक लोग अपने ही देश में विस्थापित होकर रह गए। स्वतंत्रता के बाद इस अन्याय के विरुद्ध राष्ट्रवादी शक्तियों ने निरंतर संघर्ष किया, जिसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान एक निर्णायक मोड़ बना और "एक देश, एक विधान, एक निशान" का विचार राष्ट्रीय चेतना का आधार बना।

इसी क्रम में 22 फ़रवरी 1994 को भारतीय संसद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर यह स्पष्ट किया कि पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा किए गए जम्मू–कश्मीर के सभी क्षेत्रों को मुक्त कराना भारत का संकल्प है। यह विषय लंबे समय तक अकादमिक, मीडिया, राजनीतिक विमर्श के साथ-साथ राष्ट्रीय विमर्श से बाहर रहा। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35A के निरस्तीकरण ने जम्मू–कश्मीर के संवैधानिक एकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। इससे समान अधिकार, सामाजिक न्याय और विकास की नई संभावनाएं बनीं और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस निर्णय की वैधता स्वीकार किए जाने से यह प्रक्रिया और सुदृढ़ हुई। इसके साथ ही यह प्रश्न और अधिक स्पष्ट हो गया कि क्या राष्ट्रीय संकल्प केवल वर्तमान केंद्र शासित प्रदेशों तक सीमित रहेगा या पीओके और अन्य क्षेत्र जो पाकिस्तान और तक भी पहुंचेगा। पीओके का प्रश्न केवल भूमि का नहीं, बल्कि 1947 के नरसंहार के पीड़ितों को न्याय देने, विस्थापितों को सम्मान और भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित करने का प्रश्न है। 22 फ़रवरी का संकल्प का दिन हमें यह स्मरण कराता है कि इतिहास को भुलाकर राष्ट्र मजबूत नहीं बनते। आज आवश्यकता है कि पीओके के मुद्दे को संवेदनशीलता, तथ्य और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाया जाए ताकि यह दिन केवल स्मरण का नहीं, बल्कि उस अधूरे राष्ट्रीय संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में ठोस विचार और कार्य का प्रतीक बन सके। जब तक पीओके में बसे भारतीय मूल के लोगों और वहां से विस्थापितों को न्याय, पहचान और संवैधानिक अधिकार नहीं मिलते, तब तक अखंड भारत की कल्पना और भारत का संकल्प अधूरा ही रहेगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारे विचार ही तय करते हैं जीवन की दिशा



संकलित
दर्शन

मनुष्य के लिए आज का जीवन जितना सुविधाओं से भरा है, उतना ही बैचेनी, दुख और संताप से भरा हुआ है। जब परेशानियां घेर लेती हैं तब लगता है कि जीवन इतना आसान नहीं है, बहुत कठिन है और हम सभी संघर्ष कर रहे हैं। परिस्थितियां हमारे विचारों को प्रभावित करती रहती हैं। जब परिस्थितियां अपने अनुकूल नहीं होतीं, तो हर कार्य में बाधाएं उत्पन्न होने लगती हैं। ठीक इसी वक्त में हमें एक निराशा घेर लेती है। ऐसे में अगर धर्मग्रंथ गीता को सही ढंग से समझ लिया जाए, तो हर तरह की उलझनों से दूर हुआ जा सकता है। जब मन हारने लगता है तब गीता का ज्ञान आवश्यक हो जाता है। वही हमें सही मार्ग दिखाता है। जिसके माध्यम से भगवान श्री कृष्ण सद्गुरु के रूप में हमारे जीवन का मार्गदर्शन कर रहे हैं और उस जीवन दर्शन को समझने के बाद जीवन में कुछ भी समझने के लिए बाकी नहीं रह जाता है, अर्थात समस्त ज्ञान गीता में ही समाया हुआ है। गीता हमें जीवन जीने की शिक्षा देती है। जिस प्रकार से एक सिक्के के दो पहलू होते हैं, उसी प्रकार हमारे जीवन के भी दो चेहरे हैं- एक अच्छा, दूसरा बुरा। ये तो केवल समय की कश्मकश है, जो हमारी जिंदगी को एक आकार प्रदान करती है। अधिकतर लोग विश्वास करते हैं कि सुख बाहर है। हमें समझा दिया गया है कि नाम, संपन्नता और शक्ति बाहरी दुनिया में हासिल की जा सकती है। यह असत्य धारणा है, पर हमारा जीवन उसके सहारे ही चलता है। मनुष्य के जीवन में दुख-पीड़ा आना स्वाभाविक है। हमारे स्वयं के विचार ही जीवन की दिशा तय करते हैं।

## समर्पित भक्त का वास वैकुण्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछा- आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




### आज की पाती


**रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक**

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो। यह ऐसी टैक्नोलॉजी है जो कंप्यूटर प्रोग्राम द्वारा बनाई जाती है और यह इनसान की तरह बहुत से काम भी कर सकती है। इस तकनीक का सबसे बड़ा नुकसान यह होगा कि यह रोजगार निगल जाएगी। *- प्रवीण उपाध्याय, भिलाई*

## करंट अफेयर

# पोलैंड रूस से लगती सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग


पोलैंड अपनी पूर्वी सीमा पर रूस के बढ़ते खतरे के मद्देनजर बारूदी सुरंग बिछाएगा। यह जानकारी देश के उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने शुक्रवार को को दी। पोलैंड विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी, जिसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला और बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई। पोलैंड ने 2012 में इसकी पुष्टि की थी और 2016 में अपने सभी बारूदी सुरंग नष्ट कर दिये थे। हालांकि शुक्रवार को उसने संधि से हटने की घोषणा करते हुए कहा कि वह इन हथियारों का निर्माण फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है। जालेव्स्की ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, 'ये बारूदी सुरंग नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) के पूर्वी हिस्से में, पोलैंड के उत्तर में रूस के साथ और पूर्व में बेलारूस के साथ लगती सीमा पर लगाई जाएंगी।



## ऑफ बीट

# मानव जैसे घरेलू रोबोट अब बाजार में, बदलेगा जीवन

पिछले वर्ष नॉर्वे–अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनी वनएक्स ने एक अनोखे उत्पाद की घोषणा की– 'दुनिया का पहला मानवनुमा रोबोट, जो घरेलू जीवन को बदलने के लिए बनाया गया है।' कुल 168 सेंटीमीटर लंबा और 30 किलोग्राम वजनी 'नियो' नामक इस रोबोट की कीमत लगभग 20,000 अमेरिकी डॉलर है और यह कपड़े तह करने और बर्तन धोने जैसी घरेलू गतिविधियों को स्वचालित ढंग से करने का दावा करता है। नियो में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली अंतर्निहित है, लेकिन जटिल कार्यों के लिए कंपनी का एक कर्मचारी वर्चुअल रियलिटी हेलमेट पहनकर उसे दूरस्थ रूप से नियंत्रित करता है। इस दौरान ऑपरेटर घर के भीतर, रोबोट जो भी देखता है, उसे देख सकता है और यह प्रक्रिया भविष्य में सीखने के लिए रिकॉर्ड भी की जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष अन्य घरेलू मानवनुमा रोबोट भी बाजार में आ सकते हैं। हालांकि, नियो उन चुनौतियों को उजागर करता है जो हालिया एआई उछाल में देखने को मिली हैं–भारी प्रचार के साथ सीमित क्षमताओं वाले उत्पाद, गोपनीयता से जुड़े छिपे जोखिम और पर्दे के पीछे काम कर रहे अदृश्य दूरस्थ कर्मचारी। मानव जैसी मशीनों की कल्पना प्राचीन मिथकों से जुड़ी रही है, लेकिन उन्हें व्यावहारिक उपभोक्ता उत्पाद के रूप में देखना अपेक्षाकृत नया विचार है।



## ट्रेंड

### जीवंत ग्राम कार्यक्रम



पहले सीमावर्ती गांवों को न केवल उनकी भौगोलिक स्थिति, बल्कि विकास में पिछड़ेपन के कारण भी अंतिम गांव कहा जाता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने जीवंत ग्राम कार्यक्रम के तहत उन्हें हर सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें पहले गांवों में बदल दिया।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### कांग्रेस ने शर्मसार किया



जब पूरा विश्व भारत के वैश्विक नेतृत्व, नवाचार और प्रौद्योगिकी दृष्टि की सराहना कर रहा है, तब राहुल गांधी और कांग्रेस एक बार फिर देश को शर्मसार करने की राजनीति में लिप्त दिखे, जिसमें सत्ता की भूख इतनी गहरी है कि राष्ट्रीय सम्मान भी दांव पर लगाने से इन्हें गुरेज नहीं है।
**- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### सिंगकॉन के निधन से दुःख



शिलांग से लोकसभा सांसद डॉ. रिकी ए.जे. सिंगकॉन के निधन से गहरा दुःख व्यक्त करते हैं। मेघालय की जनता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार, मित्रों और समर्थकों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता



हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति के लिए एक बेहद प्रतिस्पर्धी दौड़ में हैं। हमें "नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता" और "जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता" से आगे बढ़कर "करुणापूर्ण कृत्रिम बुद्धिमत्ता" की ओर बढ़ना होगा।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जम्पा की गेंदबाजी के बाद मार्श के तूफान में उड़ा ओमान

## ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को नौ विकेट से हराकर विश्व कप से विदा ली

भाषा ▶▶| पाल्लेकल



- मार्श और हेड ने 93 रन जोड़े
- जम्पा ने चार विकेट झटके
- ओमान ने मात्र 104 रन बनाए

टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने का अपमान झेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी-20 विश्व कप के अपने आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ओमान को नौ विकेट से हराकर विदा ली। जिम्बाब्वे और श्रीलंका से अप्रत्याशित हार के बाद ऑस्ट्रेलिया ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया है। प्रतिष्ठा के लिये खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने औपचारिकता के इस मैच में ओमान को 16.2 ओवर में ही 104 रन पर आउट कर दिया था। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने चार विकेट चटकाये। जवाब में कप्तान मिचेल मार्श के 33 गेंद में नाबाद 64 रन और ट्रेविस हेड के 19 गेंद में 32 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 9.4 ओवर में जीत दर्ज की। यह सौ रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे तेजी से दर्ज की गई जीत है। मार्श ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाये। वहीं हेड ने छह चौके लगाये। दोनों ने 93 रन की साझेदारी की। इससे पहले जम्पा के चार विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 104 रन पर आउट कर दिया। जम्पा ने 21 रन देकर चार विकेट लिये जबकि जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को दो दो विकेट मिले। ओमान की टीम 16.2 ओवर में आउट हो गई। वसीम अली ने ओमान के लिये 33 गेंद में 32 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और पहली ही गेंद पर बार्टलेट ने आमिर कलीम का विकेट ले लिया। अगली चार गेंदों पर रन नहीं बने जिसके बाद करण सोनावले ने मिडआन पर चौका लगाकर ओमान का खाता खोला। आखिरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने स्लिप में करण का कैच टपकाया। ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह ने अगले ओवर में मार्कस स्टोइनिस को चौका लगाया और बार्टलेट को भी इसके बाद चौका जड़ा। करण ने नाथन एलिस का स्वागत चौके के साथ किया। एलिस ने हालांकि अगली ही गेंद पर सफलता हासिल की और कट शॉट खेलने के प्रयास में करण विकेट गंवा बैठे।

# सुपर आठ जंग: पाक स्पिनरों को साधने की रणनीति के साथ उतरेंगे कीवी बल्लेबाज

- पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में आज शाम 7 बजे से भिड़ंत


एजेंसी ▶▶| कोलंबो



न्यूजीलैंड की टीम शनिवार 21 फरवरी को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं, जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं, जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है।

## खबर संक्षेप



### दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे विजेंदर

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 11वीं कॉग्निजांट नई दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मैराथन में 30 हजार से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है और यह देश की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता से एक बनने वाली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से प्रमाणित, 'एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस' से मान्यता प्राप्त और विश्व एथलेटिक्स से स्वीकृत यह मैराथन वैश्विक एथलेटिक कैलेंडर में अपनी जगह मजबूत कर रही है। इस चरण में 31 देशों, 490 शहरों और भारत के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन चार वर्ग फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10के और 5के में किया जाएगा भारत का प्रतिनिधित्व एक एलीट टीम करेगी, जिसमें अनीश थापा, एबी बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी, टी गोपी, भागीरथी बिष्ट, निरमाबेन ठाकोर भारतजी, अश्विनी मदन जाधव, डिस्केट डोलमा और स्टैंजिन डोलकर शामिल हैं।

### 'अंडरडॉग' के बावजूद हम सहज : इब्राहिम



**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के सहायक कोच डॉयन इब्राहिम ने कहा कि भारत के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच से पहले वे छुपेरुस्तम (अंडरडॉग) कहे जाने के बावजूद सहज हैं और उनकी टीम ने तैयारी में सभी चीजें सही की हैं। इब्राहिम ने यह भी कहा कि उनकी टीम के लिए यह भी जरूरी यह है कि इस मौके पर वे घबराएं नहीं। जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को छह विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। सुपर आठ चरण में जिम्बाब्वे का सामना मौजूदा चैंपियन भारत, दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज और 2024 के फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रीका से होगा। इब्राहिम ने कहा, 'मुझे लगता है कि रैंकिंग और हर दूसरा पैमाना हमें छुपारुस्तम ही बताएगा, जो बिल्कुल ठीक है।

### एफआईएच प्रो लीग: भारतीय टीम की नजरें वापसी पर



**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नई शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा, जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है।

## वुमैन्स राइजिंग स्टार्स एशिया कप : श्रीलंका ए को 5 विकेट से हराया, राधा ने किया हरफनमौला प्रदर्शन

# भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका की बल्लेबाजी को किया तहस-नहस, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को श्रीलंका ए पर 5 विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर 4 विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (20 रन देकर 2 विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (9 रन देकर 2 विकेट) का अच्छा साथ मिला।

### राधा यादव ने पहले झटके 4 विकेट, फिर 18 गेंद में ठोके 31 रन



### भारतीय गेंदबाजों ने सेमीफाइनल में दिखाया दम

सेमीफाइनल मैच में इंडिया ए वुमेंस टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। इस मुकाबले में श्रीलंका की ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ श्रीलंका महिला टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए दिखे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 118 रन पर ढेर हो गई। लंका की पारी में सबसे ज्यादा रन संजना कविंदी ने बनाए, उन्होंने 35 गेंदों में 31 रन की धीमी पारी खेली। वहीं, शशिनी गिम्हानी ने 17 गेंदों में 22 रन की तेज पारी खेली। उनके अलावा हंसिमा करुणारत्ने ने 14 रन और सथ्या संदीपनी ने 15 रनों का योगदान दिया। भारत की गेंदबाजी की बात करें तो वहां कप्तान राधा यादव ने 3.4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए। वहीं, प्रेमा रावत ने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देकर 2 विकेट लिए। तनुजा कंवर ने भी 2 विकेट झटके।

### वृंदा ने बनाए 42 रन

लक्ष्य का पीछा करते समय भारत ने एक समय 21 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद उसे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। टीम के लिए वृंदा दिनेश 42 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन राधा ने बल्लेबाजी में योगदान करते हुए 18 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 31 रन बनाए, जिससे भारत ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 22 फरवरी को खेला जाएगा।

# बांग्लादेश 'ए' ने जीता मुकाबला टूटा पाकिस्तानी टीम का सपना

## फाइनल में भारत से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बैंकाक

बांग्लादेश 'ए' ने महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल का टिकट कटा लिया है। टेर्डथाई क्रिकेट ग्राउंड पर शुक्रवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश 'ए' ने पाकिस्तान 'ए' को 54 रनों से हरा दिया। इस हार के साथ ही पाकिस्तान का फाइनल खेलने और खिताब जीतने का सपना टूट गया। फाइनल में बांग्लादेश की भिड़ंत भारतीय टीम के साथ 22 फरवरी को होगी।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। पूरी टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए कप्तान फहीमा खातून ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 40 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी पारी के दौरान फहीमा ने 5 चौके जमाए। उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। शर्मिन सुल्ताना ने 15 रनों का योगदान दिया, जबकि शमिमा ने 13 रन बनाए। गेंदबाजी में पाकिस्तान की ओर से कप्तान हफ्सा खालिद ने 4 ओवर में सिर्फ 25 रन देकर 2 विकेट लिए।

### पाकिस्तानी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखरी

*111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम का बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। पाकिस्तान की ओर से सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सकीं। पूरी टीम 56 रन पर ऑलआउट हो गई। सर्वाधिक 14 रन शावाल जुल्फिकार के बल्ले से आए। हफ्सा ने 15 गेंदों में 12 रन बनाए। गेंदबाजी में बांग्लादेश की ओर से संजीदा अख्तर मेघला ने 3.3 ओवर में 6 रन देकर 3 विकेट लिए। फहीमा खातून ने 6 रन देकर दो विकेट लिए।*

## महिला टी-20 क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी के इरादे से उतरेगी भारत की महिला ब्रिगेड

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को शनिवार 21 फरवरी को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारुपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी।



### टीमें इस प्रकार


**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, भारती फूलमाली, क्रांति गौड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमालिनी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**ऑस्ट्रेलिया:** सोफी मोलिनू (कप्तान), तहलिया मैकग्रा, डार्सी ब्राउन, निकोला कैरी, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, फोबे लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगान शुट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहम। मैच दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

# नॉटिंघम फॉरेस्ट ने फेनरबाचे को 3-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

## यूरोपा लीग



नॉटिंघम फॉरेस्ट फुटबॉल क्लब ने यूरोपा लीग प्लेऑफ के पहले चरण में फेनरबाचे पर 3-0 से जीत हासिल की। फॉरेस्ट के लिए डिफेंडर मुरिलो, फॉरवर्ड इगोर जीसस और कप्तान मोर्गन गिब्स वाइट ने एक-एक गोल अपनी टीम को जीत दिलाई, जिसमें विटोर परेरा ने अपने पहले ही मैच में प्रभावित किया। वहीं सेल्टिक के मैनेजर मार्टिन ओनील को अपने करियर के 1,000वें मैच में स्टुटगार्ट से 1-4 से हार मिली। विक्टोरिया प्लजन ने एथेंस में पैनाथिनाइकोस के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। चैंपियंस लीग की तरह लीग चरण में शीर्ष आठ टीम स्वतः ही अंतिम 16 में पहुंच गई जबकि नौ से 24 नंबर की टीम दो चरण के प्लेऑफ में खेलेंगी। दूसरा चरण अगले गुरुवार को होना है।

## राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया वीडियो

# वैभव का दमदार शॉट, तोड़ दिया पानी का पाइप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में उभरते सितारे के तौर पर तेजी से पहचान बना रहे वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और लंबी हिट लगाने की क्षमता के कारण वे पहले ही क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रैक्टिस के दौरान उनका जोरदार शॉट पानी का पाइप तोड़ देता है। यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

### प्रैक्टिस सेशन में दिखी जबरदस्त ताकत

राजस्थान रॉयल्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में बाएं हाथ के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी नेट्स में अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। एक गेंद पर उन्होंने स्क्वायर लेग की दिशा में जोरदार पुल शॉट खेला। गेंद इतनी ताकत से गई कि पास लगा पानी का पाइप टूट गया। यह दृश्य उनकी पावर-हिटिंग क्षमता का शानदार उदाहरण है। कोचिंग स्टाफ और साथी खिलाड़ी भी इस शॉट को देखकर हैरान रह गए।



### आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन

वैभव ने आईपीएल 2025 सीजन में अपने आक्रामक खेल से खास पहचान बनाई। मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वे आईपीएल इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल हो गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मुकाबले में 14 साल की उम्र में उन्होंने टी20 क्रिकेट में शतक जड़कर नया कीर्तिमान बनाया। वे आईपीएल में सबसे कम उम्र में अर्धशतक और शतक लगाने वाले भारतीय बने।

### अंडर-19 वर्ल्ड कप में रिकॉर्डतोड़ पारी

वैभव सूर्यवंशी ने हाल ही में अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। हरारे में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने सिर्फ 80 गेंदों में 15 चौके और 15 छक्के लगाए। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने सात मैचों में 439 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।

### छक्कों की बारिश, तोड़े कई रिकॉर्ड

टूर्नामेंट के दौरान वैभव ने कुल 30 छक्के लगाए, जो अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में एक नया रिकॉर्ड है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने 2022 संस्करण में 18 छक्के लगाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 169 से अधिक रहा, जो दर्शाता है कि वे केवल रन बनाने में ही नहीं, बल्कि तेज गति से रन जुटाने में भी माहिर हैं। अंडर-19 वनडे में वे भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हो चुके हैं।


राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति
NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY, TIRUPATI
(संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय)

भर्ती अधिसूचना / RECRUITMENT NOTIFICATION
अध्यापन पद (सीधी भर्ती)
(विज्ञा. सं. एनएसकेटीयू/प्रशा./टी/2025/04 दिनांक 18.02.2026)

राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति भारतीय नागरिकों से अध्यापन पदों की सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र. सं. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | पदों की संख्या और आरक्षित श्रेणियाँ | | | | | | शैक्षणिक पे लेवल (7वां सीपीसी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एससी | एसटी | ओबीसी | पीडब्ल्यूबीडी | ईडब्ल्यूएस | यूआर | |
| 1. | योग विज्ञान में एसोसिएट प्रोफैसर | 01 | – | – | 01* | – | – | – | 13ए |
| 2. | अगामा में एसोसिएट प्रोफैसर | 01 | – | – | – | – | – | 01 | 13ए |

* बैकलॉग रिक्तियाँ

अध्यापन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अंतिम तिथि 15.03.2026 है। पदों, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य मानदंड के विवरण के लिए, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट http://www.nsktu.ac.in पर पधारें।

सीबीसी 21364/12/0004/2526 कुलसचिव / REGISTRAR



उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

सं.: NIT-03 एवं 04-GS-Engg-UMB-2025-26, दिनांक: 20.02.2026

उप मुख्य अभियंता/जीएस/यूएमबी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए, निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत खुली निविदाएं (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएं www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं तथा इनकी अंतिम तिथि 16.03.2026 को 15:00 बजे है। निविदाकार केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोली प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के विरूद्ध मैन्युअल (हस्तचालित) प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने पर ऐसे प्रस्तावों को अनदेखा किया जाएगा। ठेकेदार इस निविदा के अंतर्गत अर्जित धनराशि (Earnest Money) का भुगतान www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ई-पेमेंट गेटवे माध्यमों से नकद रूप में अथवा भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉण्ड के रूप में या निविदा दस्तावेज के अनुसार कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुली | इंजिकार्य/जीएस. | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा अपलोड तिथि | बोली प्रारंभ तिथि | बोली समापन तिथि (समय) |
| 20.02.2026 | 02.03.2026 | 16.03.2026 (15:00 बजे तक) |

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 03-यूएमबी-इंज-जीएस-2025-26 | अंबाला मंडल के अंतर्गत सिरहिंद रेलवे स्टेशन पर यात्री प्लेटफॉर्म संख्या 1 एवं 2/3 को ऊँचा करना तथा प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण। |

| विज्ञापित मूल्य | अग्रिम राशि | प्रस्ताव की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 3,85,15,223.38/- | 3,42,600/- | 60 दिन | 06 माह |

समान प्रकृति का कार्य:– "पटरी कार्य को छोड़कर कोई भी सिविल कार्य"।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुली | इंजिकार्य/जीएस. | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा अपलोड तिथि | बोली प्रारंभ तिथि | बोली समापन तिथि (समय) |
| 20.02.2026 | 02.03.2026 | 16.03.2026 (15:00 बजे तक) |

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 2. | 04-यूएमबी-इंज-जीएस-2025-26 | अंबाला मंडल के अंतर्गत अबोहर, नंगल डैम एवं संगरूर रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्लेटफॉर्म को मध्यम स्तर से उच्च स्तर तक ऊँचा करना तथा प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण। |

| विज्ञापित मूल्य | अग्रिम राशि | प्रस्ताव की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 7,75,55,282.26/- | 5,37,800/- | 60 दिन | 06 माह |

समान प्रकृति का कार्य:– "पटरी कार्य को छोड़कर कोई भी सिविल कार्य"।

नोट: निविदा में भाग लेने से पूर्व, निविदाकार यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त निविदा के विरूद्ध कोई संशोधन/परिशिष्ट जारी तो नहीं किया गया है। 589/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## पीएम मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ की बैठक

# भारत केंद्रित समाधान विकसित करने पर विमर्श

### मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार की अपील


पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। पीएम के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। पीएम कार्यालय (सेवा तीर्थ) के बयान के अनुसार, पीएम मोदी ने मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। पीएम ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। बैठक में एब्रिज, अदालत एआई, ब्रेनसाइट एआई, क्रेडो एआई, एका केयर, ग्लीन, इनोगल, इनवीडियो, मिको, ओरिजिन, प्रोफेज, रासेन, रुब्रिक, सैटश्योर, सुपरनोवा और सायफा एआई के सीईओ व संस्थापक उपस्थित थे।

मजबूत 'डेटा गवर्नेंस' की आवश्यकता पर जोर

एआई दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा



पीएम नरेंद्र मोदी एआई व डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ के साथ

### स्वास्थ्य क्षेत्र में करें एआई का प्रयोग

*पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का उपयोग उन्नत 'डायग्नोस्टिक्स', 'जीन थेरेपी' और रोगी रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए किया जा रहा है, ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) और 'अंडरवॉटर इंटेलिजेंस' का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में साइबर सुरक्षा, नैतिक एआई, अंतरिक्ष, स्थानीय भाषा के माध्यम से न्याय एवं शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने तथा पारंपरिक प्रणालियों के आधुनिकीकरण से उद्यम उत्पादकता मजबूत करने वाले स्टार्टअप भी शामिल थे।*

### कृषि व पर्यावरण में बढ़ाएं एआई का उपयोग

पीएम मोदी ने कृषि व पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में एआई प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा करते हुए फसल उत्पादकता और उर्वरक उपयोग की निगरानी के जरिये मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा करने की संभावनाओं पर विचार साझा किए। भारतीय भाषाओं एवं संस्कृति के महत्व पर बल देते हुए मोदी ने मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने नवप्रवर्तकों को साहसिक जोखिम उठाने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए बधाई दी।

### भारत एआई इनोवेशन का ग्लोबल हब बनेगा: पिचाई

गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक के बाद सुंदर पिचाई ने कहा कि भारत एआई के साथ एक असाधारण रास्ता तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि एआई के फायदे हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है और इसमें अमेरिका-भारत साझेदारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू हुए कई इनोवेशन वैश्विक स्तर पर प्रोडक्ट्स को बेहतर बना रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म ने दुनिया भर में डिजिटल भुगतान को नई दिशा दी है।



### पीएम मोदी ने अलग-अलग देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान भारत के पीएम नरेंद्र मोदी अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर रहे हैं। पीएम मोदी ने लिकटेंस्टीन के वंशानुगत राजकुमार, एलोइस फिलिप मारिया के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से भी मुलाकात की। पीएम मोदी स्लोवाकिया गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मिले।

### स्लोवाकिया के साथ रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा में होगा सहयोग

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई इंपैक्ट समिट के मौके पर स्लोवाक रिपब्लिक के प्रेसिडेंट पीटर पेलेग्रिनी के साथ द्विपक्षीय मीटिंग की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की और व्यापार और निवेश, डिजिटल टेक्नोलॉजी, रक्षा, अंतरिक्ष, एनर्जी, कल्चर और लोगों के बीच लिंकेज जैसे क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट किया कि दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि एआई को डेमोक्रिटाइज किया जाना चाहिए, ताकि इसका फायदा सिर्फ कुछ लोगों को ही नहीं, बल्कि आम लोगों को भी हो। हमने व्यापार और निवेश में ठोस नतीजों पर भी फोकस किया और इनोवेशन, सुरक्षित टेक्नोलॉजी और टैलेंट में गहरे सहयोग पर भी, जिसमें एनर्जी क्षेत्र में एकेडमिक और एक्सपर्ट एक्सचेंज शामिल हैं।



### लिकटेंस्टीन के साथ व्यापार और निवेश में करेंगे सहयोग

पीएम नरेंद्र मोदी ने लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस फिलिप मारिया के साथ बैठक की। उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और भारत और लिकटेंस्टीन के बीच गहरे सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमत हुए, खासकर व्यापार, निवेश, एआई, इनोवेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसी नई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, जो भारत-ईएफटीए टीईपीए की रफ्तार पर बन रहा है।



### सर्बिया के राष्ट्रपति ने की भारत की सराहना

भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के अवसर पर सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने आयोजन की सफलता के लिए भारत को बधाई दी और एआई के क्षेत्र में भारत की पहल की सराहना की। राष्ट्रपति वुसिक ने कहा कि एआई मुद्दा अब पारंपरिक मीडिया और सोशल नेटवर्क्स में भी प्रमुख विषय बन गया है, जो अपने आप में बड़ी सफलता है। भारत ने एआई के बुनियादी ढांचे, डेटा सेंटर और कंप्यूटर समेत विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश शुरू किया है। सर्बिया भी, एक छोटा देश होने के बावजूद, इसी दिशा में प्रयास कर रहा है।



### भारत के पास अविश्वसनीय अवसर: क्रिस्टियानो एमॉन

सेमीकंडक्टर विनिर्माता क्वालकॉम के अध्यक्ष एवं सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन ने कहा कि एआई से एक बुनियादी बदलाव आएगा जिससे नए उपकरण, अनुभव एवं सेवाएं विकसित होंगी और एक 'विशाल अवसर' पैदा होगा जो इस परिवर्तन से लाभ उठाने के लिए भारत को एक 'अविश्वसनीय' मौका प्रदान करता है इंटरनेट के शुरुआती दौर को पीछे छोड़ते हुए सीधे मोबाइल इंटरनेट को अपनाने वाले भारत जैसे देश के लिए एआई के मामले में भी यही बात 'फिर से सच साबित होने जा रही है'। भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र भी बन रहा है। एआई की मदद से आप इन प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित बड़े बदलावों का शुरुआत से ही हिस्सा बन सकते हैं।



## एआई से बनेंगे नए रोजगार के अवसर, मिलेगा व्यापक लाभ: उपराष्ट्रपति

इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में शामिल सीईओ और प्रतिनिधियों ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस अवसर पर राधाकृष्णन ने कहा कि एआई भविष्य में केवल मौजूदा नौकरियों को बदलने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा और सुशासन जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव का माध्यम बनेगा। एआई कार्यों की सटीकता बढ़ाता है, कामकाज को सरल बनाता है और समाज को व्यापक लाभ पहुंचाता है। उन्होंने भारत के समावेशी और लोगों पर केंद्रित एआई दृष्टिकोण पर जोर देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक अवसर पहुंचाना है।

**भारत बड़े स्तर पर एआई के उपयोग से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में**



### प्रतिनिधियों ने विचार साझा किए

बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि एआई दुनिया के कार्यक्षेत्र को तेजी से बदल रही है और नए अवसर खोल रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे क्षेत्रों में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत बड़ी है और भारत बड़े स्तर पर एआई आधारित नवाचार और उपयोग से लाभ उठाने की अच्छी स्थिति में है। प्रतिनिधियों ने इंडिया एआई मिशन द्वारा मजबूत और सहयोगात्मक एआई पारितंत्र बनाने के प्रयासों की सराहना भी की।

### भारत में लाखों छात्रों के लिए एआई क्रिएटिविटी बढ़ाएगा अडोबी: नारायण

अडोबी के चेयरमैन और सीईओ शांतनु नारायण ने कहा कि कंपनी भारत में लाखों छात्रों के लिए रचनात्मकता के अवसर बढ़ा रही है और उन्हें एआई कौशल से सशक्त बना रही है, जिससे पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि वह अपने प्रमुख टूल जैसे अडोबी फायरफ्लाई, फोटोशॉप और एक्रोबैट को भारत के मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों के माध्यम से छात्रों को मुफ्त उपलब्ध कराएगी। इससे छात्र एआई-फर्स्ट करियर के लिए तैयार हो सकेंगे। इस टूलकिट के जरिए छात्रों को अडोबी के रचनात्मक और उत्पादकता सॉफ्टवेयर के साथ पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र भी मिलेंगे, जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद अलग पहचान बना सकें।



## खबर संक्षेप

### मेडिकल इमरजेंसी में टेस्ला ने बचाई जान

**नई दिल्ली।** एक टेस्ला मालिक ऋषि वोहरा ने अपने पोस्ट में बताया कि कंपनी की ऑटोनॉमस ड्राइविंग तकनीक ने एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी के दौरान उसकी जान बचा ली। फ्रीवे पर ड्राइव करते समय वह अचानक बेहोश हो गया था, लेकिन कार ने संभावित जानलेवा हादसे को टाल दिया। टेस्ला की फुल सेल्फ ड्राइविंग प्रणाली ने यह पहचान लिया कि वह बेहोश हो चुके हैं।

### लुबना बनीं न्यू जर्सी की मुस्लिम महिला जज

**न्यू जर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य में भारतीय मूल की लुबना काजी ने इतिहास रच दिया है। वह न्यू जर्सी में नियुक्त होने वाली पहली मुस्लिम महिला जज बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि को न केवल भारतीय समुदाय बल्कि वैश्विक मुस्लिम समाज के लिए भी गर्व का क्षण माना जा रहा है।

### गुजरात में शादी के लिए मां-बाप की मंजूरी जरूरी


**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने विधानसभा में विवाह पंजीकरण नियमों में संशोधन का ड्राफ्ट पेश किया है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, अब लव-मैरिज के लिए आवेदन करने पर लड़के-लड़की के माता-पिता को व्हाट्सएप के जरिए सूचित किया जाएगा और आवेदन के 40वें दिन शादी का प्रमाण-पत्र मिलेगा। डिप्टी सीएम हर्ष संघवी ने कहा कि हमें प्रेम विवाह से कोई आपत्ति नहीं है।

### एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ही हस्ताक्षर किए

## पैक्स सिलिका में शामिल हुआ भारत, अमेरिकी पहल से फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दल्ली। भारत ने शुक्रवार को अमेरिका की अगुवाई वाले रणनीतिक गठबंधन या पैक्स सिलिका के घोषणापत्र पर दस्तखत करके इसमें औपचारिक एंट्री ले ली है। पैक्स सिलिका पर नई दिल्ली में चल रहे एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ही हस्ताक्षर किए गए। पिछले कुछ महीनों में दुनिया ने क्रिटिकल मिनरल और परमानेंट मैग्नेट की सप्लाई चेन को ध्वस्त होते देखा है। भारत भी इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला देश है। पैक्स सिलिका पहल क्रिटिकल मिनरल्स, सेमीकंडक्टर और एआई से जुड़ी ग्लोबल सप्लाई चेन को बनाए रखने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। अमेरिकी विदेश उपमंत्री जैकब हेलबर्ग का कहना है 'पैक्स सिलिका घोषणा पर दस्तखत करते हुए, हम निर्भरता को हथियार बनाने को ना कहते हैं।'




### पैक्स सिलिका क्या है

पैक्स सिलिका 12 दिसंबर, 2025 को वॉशिंगटन में लॉन्च हुआ था। यह वैश्विक स्तर पर एआई, सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग की सप्लाई चेन को सुरक्षित रखने की रणनीतिक पहल है।

### चीन को लगेगा धक्का

भारत के पास इन तमाम क्षेत्रों में टैलेंट की भरमार है, सेमीकंडक्टर निर्माण को लेकर उसके हौसले बुलंद हैं। लिथियम, कोबाल्ट, ग्रेफाइट और रेयर-अर्थ एलिमेंट्स हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स चीजों के निर्माण के लिए जरूरी हैं, जिसपर भारत पहले से ही अपने स्तर पर भी काम शुरू कर चुका है। लेकिन, अब ग्लोबल अलायंस का हिस्सा बनने से इन सभी चीजों की एक मजबूत सप्लाई चेन तैयार होगी और खासकर चीन जैसे देशों पर निर्भर रहने की आवश्यकता खत्म होगी।

### पैक्स सिलिका में शामिल देश

पैक्स सिलिका के तहत अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश टेक्नोलॉजी और इकनॉमिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए साथ आए हैं। ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, इजराइल, कतर, सिंगापुर, यूनाइटेड अरब अमीरात और यूके भी हिस्सा हैं, जिसमें अब भारत भी शामिल हो गया है।

## ब्लूच लड़ाकों की कैद में पाक सैनिक, मांग रहे मदद

- बीएलए ने 14 फरवरी को इन सैनिकों को पकड़ा था
- हम देश के लिए लड़ते हैं, लेकिन सरकार को हमारी कोई परवाह नहीं

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तानी उग्रवादी संगठन बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक और वीडियो जारी किया है। इसमें पाकिस्तानी सैनिक सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो में 7 पाकिस्तानी सैनिकों को दिखाया गया है। वीडियो में एक सैनिक रोते हुए कह रहा है कि वह पाकिस्तान के लिए लड़ता रहा, लेकिन आज सेना उसे अपना नहीं मान रही। सैनिक कह रहा है- 'मेरे पास पाकिस्तानी सेना का आईडी कार्ड है, फिर क्यों कहा जा रहा है कि मैं पाकिस्तानी सैनिक नहीं हूं।' यह वीडियो पाकिस्तान की सेना के उस बयान को सीधी चुनौती देता है, जिसमें कहा गया था कि उसके कोई भी सैनिक लापता नहीं हैं और न ही किसी उग्रवादी संगठन की हिरासत में हैं। बीएलए ने 14 फरवरी को इन सैनिकों को पकड़ा था। इनकी रिहाई के लिए बीएलए ने बलूच लड़ाकों की रिहाई की मांग की है। इसके लिए पाकिस्तान सरकार को 22 फरवरी तक का वक्त दिया गया है।



### कफ सिरप की तस्करी करने का मामला

## गिरोह का मुख्य आरोपी सौरव व पत्नी की दो करोड़ से ज्यादा की संपत्ति सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस ने शुक्रवार को एसक्फ कफ सिरप व फेनेसीडील कफ सिरप की कालाबाजारी व तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य सौरव त्यागी की तस्करी से अर्जित लगभग 2 करोड़ रुपए मूल्य की सम्पत्ति को पुलिस ने सीज कर दिया।

गाजियाबाद पुलिस की अपराध शाखा/स्वाट टीम व नंदग्राम पुलिस ने मुखबिर नवंबर माह में 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। साथ ही 04 ट्रकों से चूने के बोरों के बीच में छिपाकर रखी कुल 1150 पेटी में 1573500 शीशी कोडीन युक्त बरामद की थी। जिसका कुल मूल्य लगभग 03 करोड़ 40 था बरामद की थी।


इस गिरोह का मुख्य आरोपी सौरव त्यागी था। एनसीआर में कफ सिरप को एकत्रित कर तस्करी किया जाता था। सौरव त्यागी द्वारा आर एस फार्मा फर्म के माध्यम से तस्करी की जा रही थी।

### सार्वजनिक पद पर रहते कदाचार के संदेह में कार्रवाई

## ब्रिटेन: चार्ल्स तृतीय के भाई एंड्र्यू को रिहा किया

एजेंसी ▶▶ लंदन

सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए पूर्व राजकुमार एंड्र्यू को रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। टेम्स वैली पुलिस बल ने बताया कि पूर्व राजकुमार को बृहस्पतिवार शाम को रिहा किया गया। एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर को उनकी गिरफ्तारी के लगभग 11 घंटे बाद पूर्वी ब्रिटेन स्थित उनके घर के पास स्थित थाने से कार में निकलते हुए देखा गया। एंड्र्यू को उनके खिलाफ जांच जारी रहने के बीच रिहा किया गया है।



### जांचकर्ताओं ने किया था गिरफ्तार

*एंड्र्यू को बृहस्पतिवार तड़के उनके घर से उन जांचकर्ताओं ने गिरफ्तार किया था, जो जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उसने एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर के घर की तलाशी पूरी कर ली है, लेकिन एक अन्य संपत्ति की तलाशी अभी जारी है।*

### एप्स्टीन फाइल में फंसे ब्रिटेन के पूर्व प्रिंस

गौरतलब है कि जिस दिन यह कार्रवाई हुई, उसी दिन एंड्र्यू 66 वर्ष के हुए. गिरफ्तारी के बाद पुलिस स्टेशन से बाहर निकलते समय उनकी तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वे बेहद थके और सदमे में दिखे। वहीं इस मामले में महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके भाई एंड्र्यू माउंटबेटन विंडसर के मामले की जांच में कानून को अपना काम करना चाहिए।

### जांच में कानून को अपना काम करना चाहिए

एंड्र्यू को बृहस्पतिवार को ब्रिटेन की पुलिस ने जेफ्री एप्स्टीन से उनके संबंधों के कारण सार्वजनिक पद पर कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किया। यह एक असाधारण कदम है, क्योंकि कभी यहां के अधिकारी शाही परिवार को शर्मिंदगी से बचाने की पूरी कोशिश करते थे। लगभग चार शताब्दियों में यह पहली बार था कि किसी वरिष्ठ ब्रिटिश शाही सदस्य को गिरफ्तार किया गया और इससे यह स्पष्ट होता है कि हाल के वर्षों में राजशाही के प्रति सम्मान किस प्रकार कम हो गया है। महाराजा चार्ल्स तृतीय ने अपने भाई की गिरफ्तारी पर एक बयान जारी करने का असामान्य कदम उठाया। एंड्र्यू को अब एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर के नाम से जाना जाता है। चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके भाई एंड्र्यू माउंटबेटन विंडसर के मामले की जांच में कानून को अपना काम करना चाहिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28